हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

12 श्रेय की सियासत में उलझी रिटेंशन स्कीम...



13 त्रेता व द्वापर युग से भी श्रेष्ठ कलयुग ही संगम युग ...





खबर संक्षेप

## धारदार हथियार से हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार का डर दिखाकर हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नेहरू नगर में किराये के मकान में पीड़ित रहता है। रात में अज्ञात युवक द्वारा सिगरेट मांगने पर मना से आक्रोशित होकर आरोपी गाली-गलौज की गई। दोबारा विवाद करते हुए धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर आरोपी अटल आवास, नेहरू नगर, सुपेला निवासी आलोक रामटेके फरार हो गया। घटना में पीड़ित के पसली, दाहिने हाथ में चोट आई। अपराध दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की खोजबीन में जुटी रही। आरोपी की शिनाख्त कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी से धारदार हथियार जब्त किया गया।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि कसारिडीह वार्ड नंबर 44, मंदिर के पास दुर्ग निवासी छोटू सोनवानी के पास से 29 पाव देशी मदिरा मसाला और नगदी रकम 300 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के पास से 29 पाव देशी मदिरा मसाला 2900 रुपए का बरामद किया। पदमनाभपुर पुलिस ने किया कार्रवाई।

### पश्चिमी विक्षोभ का असर : आज भी इसी तरह का बन रहा है सिस्टम

# सुबह अंधड़, कई इलाकों में बारिश व ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के चलते रविवार को मौसम में बड़ा बदलाव आया। सुबह करीब 8 बजे अचानक अंधड़ चलने लगी और हल्की बारिश हुई। कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली और गांवों में ओले भी गिरे। सेक्टर एरिया में बूंदा-बादी ही चली। मौसम विभाग ने सोमवार को भी इसी तरह का सिस्टम बनने की संभावना जताई है। थोड़ी देर बाद फिर से धूप निकल गई और दोपहर को उमसभरी गर्मी लोगों को झेलना पड़ा। शाम तक धूप निकली रही। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत सेलूद, पाउवारा, गोंडपेंड्री, उमरपोटी, मरोदा, रिसाली, पाउवारा, उतई आदि क्षेत्रों में अंधड़ के साथ हल्की बारिश हुई। पुरई, खम्हरिया व लगे गांव में ओले भी गिरे। नेहरूनगर, रामनगर, छावनी, सुपेला, पावरहाउस, सेक्टर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10 आदि क्षेत्रों में तेज हवाएं चली और कुछ-कुछ क्षेत्रों में बूंदा-बादी हुई है।



### इस तरह चल रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के ऊपर 3.1 कम से 4.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके साथ मध्य क्षोभमंडल में द्रोणिका के रूप में अक्ष 71 डिग्री पूर्व और 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक द्रोणिका गंगेटिक पश्चिम बंगाल से तेलंगाना तक छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय आंध्र प्रदेश के दक्षिण में 1.5 कम ऊंचाई तक विस्तारित है।

### दो डिग्री गिरा पारा

मौसम में हुए अचानक बदलाव की वजह से पारा 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। रविवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। एक दिन पहले यानी शनिवार को अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस कम रहा है। इस तरह 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। न्यूनतम तापमान रविवार को 21 डिग्री सेल्सियस रहा है। आने वाले दो दिनों तक पारा और नीचे आ सकता है।

### आज भी हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक 6 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है। इसलिए प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। ओलावृष्टि का क्षेत्र मुख्यतः मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। 6 और 7 अप्रैल को सभी संभागों में वर्षा संभावित है। 8 अप्रैल को दक्षिण छत्तीसगढ़ में मुख्यतः वर्षा संभावित है।

## मोबाइल से सट्टा लगाने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा जुआ को लेकर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। भिलाई तीन पुलिस ने भी सटोरिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवकों का नाम नेहरू नगर, भिलाई तीन निवासी गुलाब चंद, वर्मा चौक, पदुमनगर, भिलाई तीन दिनेश कुमार सिन्हा है। मुखबिर की सूचना पर स्टेडियम के अंदर सीढ़ी के पास मोबाइल से सट्टा अंकों पर रुपए का लेनदेन चल रहा था। घेराबंदी कर दोनों युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। युवकों के पास से नगद रकम 12 हजार, मोबाइल जब्त किया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।



## पाइप लाइन लीकेज से जलभराव निगम ने मशक्कत के बाद सुधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर जोन-2 अंतर्गत वार्ड-16 के सुपेला बाजार क्षेत्र में जल आपूर्ति पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान अचानक बड़ा लीकेज होने से इलाके में जलभराव की स्थिति बन गई। सुपेला रावण भाठा, शीतला तालाब के पास और हार्डवेयर लाइन क्षेत्र में भारी मात्रा में जल भराव हो गया। अचानक पानी आने से वो नालियों में तेजी से गया, इससे लक्ष्मी नगर के पास शीतला तालाब मार्ग की पुलिया जाम हो गई। पुलिया में पेयजल की तीन बड़ी पाइप लाइनें गुजरती हैं, जिनमें प्लास्टिक झिल्ली और कचरा फंस जाने से पानी का बहाव रुक गया। इसके चलते सड़क पर पानी जमा हो गया और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**मशक्कत के बाद हुई जल निकासी :** नगर निगम भिलाई की टीम मौके पर पहुंची और बांस की सहायता से जाम पुलिया को खोला गया। उसमें फंसे कचरे को बाहर निकाला गया। इसके बाद जल निकासी की व्यवस्था सुचारु हो पाई। इसके बाद सड़क पर फैले कीचड़ और कचरे को साफ कर संक्रमण से बचाव के लिए चूना पाउडर का छिड़काव भी किया गया।

## हाइड्रोपोनिक गांजा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** हाइड्रोपोनिक गांजा मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि एमआईजी 01/982, हुडको, भिलाई निवासी आयुष विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने इसी मामले में बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम, रुआबांधा भिलाई क्षेत्र से आरोपी विक्रम साहू और यश विश्वकर्मा को पकड़ा था। पूछताछ में आरोपियों ने आयुष का नाम बताया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। भिलाई नगर पुलिस ने कार्रवाई किया है।



## एनडीपीएस साक्ष्य का परीक्षण करने सभी थानों को दी गई विशेष किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ जप्त मादक पदार्थों के वैज्ञानिक परीक्षण की विधि समझाई

एनडीपीएस एक्ट के साक्ष्य का कैसे परीक्षण किया जाए, इसे लेकर दुर्ग पुलिस को पुरानी पुलिस लाइन दधीचि हाल में विशेष ट्रेनिंग दी गई। यहां जप्त मादक पदार्थों के परीक्षण के लिए नारकोटिक्स ड्रग्स डिटेक्शन किट, प्राक्यूरिसर केमिकल डिटेक्शन किट के उपयोग को लेकर जानकारी दी गई। क्राइम सीन यूनिट, जिला दुर्ग वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. स्मिता रानी भारदीय ने अफीम, गांजा, टैबलेट, ब्राउन शुगर, हेरोइन, अन्य मादक पदार्थों के परीक्षण की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी। डिटेक्शन किट के प्रभावी उपयोग, साक्ष्य संरक्षण की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना चौकी से 35 प्रधान आरक्षकों को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था। इस दौरान उन्हें नारकोटिक्स ड्रग्स डिटेक्शन किट और प्रक्यिूरसर केमिकल डिटेक्शन किट भी दी गई।









**खबर संक्षेप**

### देहदान, नेत्रदान व त्वचादान का भरा संकल्प पत्र

दुर्ग। बीएसपी से सेवानिवृत्त राकेश




कुमार चौकसे ने देहदान, नेत्रदान एवं त्वचादान का संकल्प पत्र भरकर अपनी वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को सौंपी। इस अवसर पर उनकी पत्नी पुष्पलता चौकसे ने उनके इस निर्णय सहमति प्रदान की एवं साक्षी बनीं। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री चौकसे के इस निर्णय की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश कुमार चौकसे ने बताया कि उनकी कई वर्षों से यह इच्छा थी कि उनके निधन के बाद उनका शरीर समाज के कल्याण के लिए उपयोगी हो। नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से उनकी यह इच्छा पूर्ण हुई। उन्होंने कहा कि उनके देहदान से मेडिकल छात्रों को अध्ययन एवं शोध कार्य में सहायता मिलेगी, साथ ही उनके नेत्रदान से दो व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी तथा त्वचादान से सेक्टर-9 अस्पताल के मरीजों को लाभ मिल सकेगा। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य उज्वल पींचा ने बताया कि संस्था लगातार नेत्रदान, देहदान एवं रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर नवदृष्टि फाउंडेशन के अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, रितेश जैन, जितेंद्र हासवानी, प्रभुदयाल उजाला आदि मौजूद थे।

### रिक्त भूखण्डों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी

दुर्ग। गोकुल नगर योजना, पुलगांव स्थित रिक्त भूखण्डों के आबंटन के लिए पूर्व में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में इच्छुक आवेदकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। प्राप्त सभी आवेदनों के आधार पर आवेदकों की सूची तैयार कर ली गई है, जिसे नगर पालिक निगम कार्यालय के सूचना पटल पर सार्वजनिक रूप से चस्पा कर दिया गया। उक्त सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की त्रुटि, आपत्ति या दावा होने की स्थिति में संबंधित आवेदक या नागरिक 10 अप्रैल तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।


### मछुआरा संघ के बिरेंद्र बने मीडिया प्रभारी

दुर्ग। राष्ट्रीय मछुआरा संघ ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के 90 विधानसभा के अंतर्गत विधानसभा अध्यक्ष सहित प्रदेश संगठन के कई पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। जिसमें बिरेंद्र कुमार निषाद को प्रदेश मीडिया प्रभारी संयोजक बनाया गया है। बिरेंद्र कुमार निषाद मछुआरा समाज में सबसे सक्रिय कार्यकर्ता है और अनुभवी हैं। ग्राम कोटनी निवासी है वे वर्तमान में निषाद समाज के दुर्ग जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा में कार्यरत हैं। पूर्व में राष्ट्रीय संगठन में मीडिया प्रभारी एवं संगठन मंत्री युवा मोर्चा के पदों पर कार्य कर चुके हैं। मछुआरा संघ कश्यप, कहार, निषाद, भोई, मांझी और इससे जुड़े मछुआरा समुदायों को सक्रियता बढ़ाने का काम करता है। नियुक्ति की घोषणा के बाद बिरेंद्र कुमार निषाद ने छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मछुआरा संघ के अध्यक्ष गायत्री गयाकवाड़ का आभार व्यक्त किया है।

# शिवाजी महाराज के आदर्श हमें सिखाते हैं कि संकल्प से बड़ी कोई शक्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

**जामगांव (एम) में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज का अधिवेशन**



जामगांव एम में चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज का 56वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। अतिथियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र-निर्माण में योगदान का स्मरण किया तथा समाज गंगा को प्रणाम कर कृषि, शिक्षा, रोज़गार व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजजनों को सम्मानित किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन हमें स्वराज, स्वाभिमान और सुशासन की प्रेरणा देता है। चंद्रनाहु कुर्मी समाज ने खेती-किसानी से लेकर शिक्षा और सेवा तक हर मोर्चे पर प्रदेश को सशक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए राज्य सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। 3100 रुपए क्विंटल पर धान खरीदी, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। विधायक ललित चंद्राकर के कहा कि चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज की एकता, अनुशासन और सेवा-भावना अनुकरणीय है। शिवाजी महाराज के आदर्श हमें सिखाते हैं कि संकल्प से बड़ी कोई शक्ति नहीं। हमारे समाज के अन्नदाता, शिक्षक, कलाकार और उद्यमी सभी ने अपनी मेहनत से दुर्ग ग्रामीण का गौरव बढ़ाया है। समाज भवन, शिक्षा प्रोत्साहन और कौशल केंद्रों के लिए हरसंभव सहयोग मेरा संकल्प है।

इस अवसर पर केंद्रीय चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, अश्वनी चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, इंद्राणी चंद्रवंशी, होरीलाल चंद्राकर, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हर्षा चंद्राकर आदि मौजूद थे।

### रिटायर बीएसपी आवासधारियों के समर्थन में कांग्रेस व भाजपा दोनों आंदोलित

# श्रेय की सियासत में उलझी रिटेंशन स्कीम खामियाजा भुगत रहे सैकड़ों रिटेंशनधारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

**नेताओं के खोखले आश्वासनों से रहवासियों में बढ़ रहा असंतोष**

भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के रिटेंशन किराया वृद्धि का मामला अब कांग्रेस और भाजपा की श्रेय की राजनीति में उलझकर रह गया है। इसका खामियाजा सैकड़ों रिटेशनधारियों को भुगतना पड़ रहा है। प्रबंधन की हठधर्मिता और दोनों पार्टियों के नेताओं के खोखले आश्वासनों से रहवासियों में असंतोष बढ़ रहा है। जल्द समस्या का निदान नहीं होने पर रिटेंशनधारियों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी ने वर्ष 2009 में अपने रिटायर होने वाले कर्मचारी अधिकारियों की आवासीय समस्या को देखते हुए रिटेंशन योजना शुरु की थी। इसके तहत चौदह सौ कर्मियों को दस लाख रुपए जमा करवाकर मासिक आवासीय व बिजली बिल भुगतान के साथ टाउनशिप अवास अलाट किए गए थे। लेकिन पिछले साल प्रबंधन ने पहले इस योजन के तहत 24 रुपए वर्ग फीट यानी 32 गुना किराया बढ़ा दिया फिर दिसंबर महीने से इस स्कीम को ही बंद कर दिया गया है। इससे रिटेंशन आवासधारियों के सड़क पर आ जाने की नौबत से असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों, रिटेंशनधारियों और जन प्रतिनिधियों द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

रिटेंशनधारियों के समर्थन में सांसद विजय बघेल जहां पिछले 4 महीने के दौरान कई बार प्रबंधन व दिल्ली में चर्चा कर राहत दिलाने का आश्वासन दे चुके हैं वहीं कांग्रेस नेता भिलाई नगर के विधायक देवेद्र यादव दिसंबर में 4 दिनों का आमरण अनशन बाद प्रबंधन से चर्चा फिर पैदल मार्च बाद भिलाई बचाओ आंदोलन छेड़ हुए हैं। जिला कांग्रेस व जिला भाजपा दोनों ही रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखने की मांग को लेकर धरना व अनशन का समर्थन कर चुके हैं। वही रिटेंशनधारी यूनियनें भी लगातार बैठकें कर प्रबंधन से किराया वृद्धि मांग कर रही हैं लेकिन प्रबंधन अड़ियल रुख अख्तियार किए हुए हैं। इस दौरान रिटेंशनधारियो को 15 से 20 हजार रुपए आवास किराया बिल आने से वे सिर्फ बिजली बिल ही जमा कर रहे हैं और उनमें असंतोष बढ़ रहा है। भारी किराया वृद्धि के चलते बेघर होने की नौबत से रिटेंशनधारी बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। यूनियनों के मुताबिक पैदल मार्च निकलने के बाद भी मांग पूरी नही होने पर अब विधायक देवेंद्र यादव ने इस्पात भवन के सामने बेमुद्दत धरना की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं सांसद बघेल में लगातार किराया कम कराने का आश्वासन दे रहे हैं लेकिन रिटायर आवासधारियों को अब तक सिवाय आश्वासन के कुछ नही मिला है।

#### लाइसेंस योजना को शर्तों के साथ जारी करने का विरोध



हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति ने बीएसपी प्रबंधन द्वारा विभिन्न शर्तों के साथ पुनः रुआबंधा सेक्टर स्थित व सी-3 टाइप के अत्यंत जर्जर आवासों के लिए एक वर्ष पूर्व जारी लाइसेंस योजना को विभिन्न शर्तों के साथ पुनः जारी किए का विरोध किया है। यूनियन ने कहा है कि 2001-2003 के मध्य लीज योजना जो 30-30-30 अर्थात 90 वर्ष के लिए पट्टे में आवंटन के लिए प्रबंधन ने ऐसी कोई शर्त नहीं रखा था बल्कि लिखित तौर पर आलू के भाव में जमीनों को पट्टे पर दिया गया था। हाउस लीज समिति कि सेक्टर 2 श्रम शक्ति सदन में हुई बैठक में बताया कि लाइसेंस योजना भी प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर समस्त वैध-अवैध कब्जाधारियों को मात्र दस हजार में भी दिया गया था। जब नए कार्मिकों की भर्ती संयंत्र में सुनियोजित तरीके से बंद कर दी गई है तब प्रबंधन अड़ियल रवैया अपनाए हुए है। बीएसपी के शीर्ष अधिकारी छत्तीसगढ़ के निवासी नहीं होने से भिलाई की जनभावना को नकार रहे हैं। बैठक में सदस्यों ने कहा कि हम मुक्तिधाम जाएंगे। बैठक में पीआर वर्मा, रमेश पाल, राजेंद्र शर्मा, धोडिय, के साहू, नंदकुमार वर्मा, गौर, एसके भरने, तुलसी साहू आदि उपस्थित थे।

#### सेवानिवृत्तों को दोनों दलों से आश्वासन

रिटेंशन स्कीम के तहत भारी किराया वृद्धि व स्कीम को बंद करने को लेकर सबसे पहले प्रभावित रिटेंशनधारी सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय से राहत के लिए मिले थे। दोनों ने प्रबंधन से बाद कर पखवाड़ेभर में प्रबंधन के सकारात्मक निदान का आश्वासन दिया था। लेकिन इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने सहित लीज व निजीकरण की मांग को लेकर दिसंबर में 5 दिनी बड़ा आमरण अनशन आदोलन शुरु कर दिया। यूनियनों व जिला कांग्रेस, व्यापारियों की बड़ी मौजूदगी से प्रबंधन के सेक्टर नौ हास्पिटल मैत्रीबाग के निजीकरण नहीं होने व रिटेंशन मुद्दे पर सेल से बात करने का आश्वासन दिया था। इसके हफ्तेभर बाद जिला भाजपा ने रिटेंशनधारियों के साथ नगर सेवाएं कार्यालय का बड़ा घेराव किया। अब श्री यादव पैदल मार्च करने के बाद बड़े धरना की चेतावनी दे चुके हैं। कुल मिलाकर रिटेंशन स्कीम का मुद्दा इन दोनों दलों के लोगों की श्रेय की राजनीति में उलझकर रह गया है। यूनियनों के मुताबिक भाजपा को लग रहा है कि यदि रिटेंशनधारियों की मांग पूरी होती है तो विधायक यानी कांग्रेस को श्रेय मिल जाएगा। वहीं कांग्रेस का भी यही लग रहा है। इसमें सेवानिवृत्त रिटेंशनधारी पिस रहे हैं।

### विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बनाने वाले 100 उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित एफएलएन सह नवाचारी वारियर्स शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

- गजेन्द्र यादव एफएलएन शिक्षक सम्मान समारोह में हुए शामिल

इस अवसर पर मंत्री यादव ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता एफएलएन कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि बच्चे पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बन सकें। उन्होंने कहा कि जितनी मजबूत प्रारंभिक शिक्षा होगी, बच्चा उतनी ही अधिक तरक्की करेगा। बच्चों की नींव शिक्षकों के हाथ में होती है। इसलिए स्कूलों में नए शिक्षण तरीकों और गतिविधि आधारित शिक्षा को अपनाया जा रहा है।

मंत्री ने एफएलएन के तहत शिक्षकों के अनुभवों पर आधारित एक पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही शिक्षा में नवाचार कर विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने और बोलने में दक्ष बनाने वाले 100 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में बस्तर के 10, बिलासपुर के 30, दुर्ग के 26, रायपुर के 18 और सरगुजा के 16 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एससीईआरटी के डायरेक्टर के कुमार, शिक्षा विभाग के पूर्व संचालक आशुतोष चावरे, डीईओ अरविंद मिश्रा, सुनील मिश्रा, एफएलएन प्रभारी शबनम खान, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र लोढ़ा तथा कमलेश फेकर सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# चंडी शीतला मंडल की बैठक, 14 को मनाई जाएगी डॉ. भीमराव जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग




चंडी शीतला मंडल में नवनियुक्त मंडल प्रभारी विनायक नातू के प्रथम मंडल आगमन पर स्वागत एवं परिचयात्मक बैठक आहूत की गई।

- दी गई मंडल की संरचना, बूथों की संख्या की जानकारी

मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर की अध्यक्षता में रखी गई, बैठक की शुरुआत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर मंडल प्रभारी का स्वागत कर अपना परिचय दिया। मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर मंडल की संरचना भौगोलिक स्थिति वार्ड की संख्या, बूथों की संख्या, शक्ति केंद्रों संख्या की जानकारी दी। नवनियुक्त मंडल प्रभारी विनायक नातू ने भाजपा संगठन की कार्यपद्धति को विस्तारपूर्वक रखा। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस मनाया जाना है जिसकी विस्तारपूर्वक जानकारी सभी कार्यकताओं के समक्ष रखी। 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म जयंती मनाया जाएगा। मंडल के अंतर्गत सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों का पुष्प माला एवं भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया गया।। मंच संचालन मंडल महामंत्री नवीन साहू ने एवं आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल उपाध्यक्ष दिनेश नलोडे ने किया। बैठक में प्रदेश आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक शिव चंद्राकर, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति सदस्य ममता देवांगन, जिला कार्यालय मंत्री आसिफ अली सैयद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, जिला आरटीआई प्रकोष्ठ के संयोजक विजय ताम्रकार, मीनाक्षी महोबिया, जिला महिला मोर्चा कार्य समिति सदस्य कालिंद्री साहू, पार्षद एवं एमआईसी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### 100 बीमित श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दुर्ग। विगत दिवस अक्षय पात्र फाउंडेशन, सेक्टर-6, भिलाई में कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं श्रम विभाग रिसाली मरौदा केन्द्र द्वारा श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बीमा चिकित्सा पदाधिकारी कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं रिसाली-मरौदा से प्राप्त जानकारी अनुसार इस शिविर में लगभग 100 बीमित श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह एवं रक्त जांच शामिल रही। जांच के पश्चात आवश्यक औषधियों का वितरण भी किया गया। साथ ही श्रमिकों को बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाले चिकित्सा हितलाभ, नकद हितलाभ, विकलांगता हितलाभ, मातृत्व हितलाभ तथा द्वितीयक एवं तृतीयक चिकित्सा उपचार संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सूर्या वर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# बकायादारों से घर-घर वसूली, अप्रैल में टैक्स पर छूट का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा संपत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 30 अप्रैल कर दिया गया है। यह निर्णय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है,

- दुर्ग निगम में 1 मई के बाद 17 फीसदी तक सरचार्ज

ताकि अधिक से अधिक करदाता समय पर कर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त कर सकें।

अप्रैल माह के अंत तक संपत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं से किसी भी प्रकार की पेनाल्टी नहीं ली जाएगी। वहीं, 1 मई 2026 के बाद पिछले वर्ष का संपत्तिकर जमा करने पर 17 प्रतिशत तक सरचार्ज वसूला जाएगा। वर्तमान में अंतिम तिथि तक केवल 25 दिन शेष हैं। निगम प्रशासन द्वारा करदाताओं से अपील की गई है कि वे समय रहते अपना बकाया कर जमा कर छूट का लाभ उठाएं एवं अतिरिक्त शुल्क से बचें। राजस्व विभाग को निर्देशित किया गया है कि आगामी दिनों में घर-घर जाकर बकायादारों से वसूली की जाए तथा नागरिकों को ऑनलाइन टैक्स भुगतान के लिए भी प्रेरित किया जाए। साथ ही, आयुक्त द्वारा राजस्व अमले को निर्देश दिए गए हैं कि वसूली के दौरान टीम अपनी गतिविधियों की फोटो व्हाट्सएप पर अपडेट करें, ताकि कार्य की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा सके। शनिवार-रविवार अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में नागरिकों का निगम कार्यालय पहुंचकर टैक्स जमा करना, शहरवासियों की जागरूकता और सहयोग को दर्शाता है। निगम प्रशासन ने समस्त करदाताओं से अपील की है कि वे 30 अप्रैल से पूर्व अपना संपत्तिकर जमा कर शासकीय छूट का लाभ प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की पेनाल्टी या दंडात्मक कार्यवाही से बचें।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, 1 अप्रैल से लागू

# थोक अपशिष्ट उत्पादकों के लिए स्रोत स्तर पर प्रसंस्करण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

केंद्र सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं, जो 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में

- लैंडफिल पर निर्भरता होगी कम

प्रभावी हो गया है। इन नए नियमों के तहत विशेष रूप से थोक अपशिष्ट उत्पादकों और स्थानीय निकायों के लिए अपशिष्ट का स्रोत स्तर पर ही प्रसंस्करण करना अनिवार्य कर दिया गया है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित इन नियमों का मुख्य उद्देश्य अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं जवाबदेह बनाना है। नए नियम अपशिष्ट सोपनिकी के सिद्धांत पर आधारित हैं, जिसमें अपशिष्ट की रोकथाम एवं न्यूनतम उत्पादन, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, ऊर्जा पुनर्प्राप्ति, अंतिम विकल्प के रूप में सुरक्षित निपटान, लैंडफिल उपयोग पर सख्ती निर्धारित किया गया है।

नियमों के तहत अब केवल गैर-पुनर्चक्रणीय, गैर-पुनर्प्राप्त योग्य एवं निष्क्रिय अपशिष्ट को ही लैंडफिल में भेजा जाएगा। छटाई रहित अपशिष्ट पर अधिक लैंडफिल शुल्क लगाया जाएगा, जिससे डंपिंग को हतोत्साहित कर स्रोत स्तर पर अपशिष्ट प्रसंस्करण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल देश में चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। नए नियमों के अनुसार 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक निर्मित क्षेत्र वाले भवन, प्रतिदिन 40,000 लीटर या उससे अधिक जल उपयोग करने वाली संस्थाएँ, प्रतिदिन 100 किलोग्राम या उससे अधिक अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली इकाइयां, इसमें आवासीय सोसायटियां, विश्वविद्यालय, छात्रावास, वाणिज्यिक प्रतिष्ठान तथा शासकीय संस्थान शामिल हैं इकाइयों को थोक अपशिष्ट उत्पादक की श्रेणी में शामिल किया गया है।

#### चार श्रेणियों में अनिवार्य अपशिष्ट पृथक्करण

नियमों के अंतर्गत अपशिष्ट को चार श्रेणियों में पृथक करना अनिवार्य किया गया है जिसमें गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट, विशेष देखभाल अपशिष्ट जैसे बैटरी, ट्यूबलाइट, ई-कचरा। इससे पुनर्चक्रण प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और अपशिष्ट के मिश्रण से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी।





#### नियमों का महत्व

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन की जिम्मेदारी सीधे अपशिष्ट उत्पन्न करने वालों पर निर्धारित की गई है, जिससे जवाबदेही सुनिश्चित होगी एवं नगर निकायों पर वित्तीय बोझ कम होगा। यह नया ढांचा शहरी क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रसंस्करण दर बढ़ाने तथा लैंडफिल पर निर्भरता घटाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

#### थोक अपशिष्ट उत्पादकों की जिम्मेदारियाँ

नियमों के अनुसार थोक अपशिष्ट उत्पादकों को गीले अपशिष्ट का यथासंभव स्थल पर ही प्रसंस्करण करना होगा। स्थल पर प्रसंस्करण संभव न होने पर विस्तारित उत्तरदायित्व प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा। अपशिष्ट के सुरक्षित संग्रहण, परिवहन एवं प्रसंस्करण की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके साथ ही अनुपालन की निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से रियल-टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है।

### झुग्गी-बस्तियों में भाजपा पहुंचाएगी सरकारी योजनाओं का लाभ



भिलाई। भारतीय जनता पार्टी के झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ की पहली प्रांतीय बैठक रायपुर में आयोजित हुई, जहां संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। बैठक में तय किया गया कि अब स्लम इलाकों में विशेष अभियान चलाकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को सीधे लोगों तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए लाभार्थियों की सूची तैयार कर घर-घर संपर्क किया जाएगा, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहे।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और महतारी वंदन योजना को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। प्रदेश संवाद प्रमुख शारदा गुप्ता ने बताया कि 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस पर हर घर में कमल ध्वज लगाने का अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे जनसंपर्क और मजबूत होगा। बैठक में साफ संकेत दिया गया कि आने वाले समय में भाजपा झुग्गी-बस्तियों में अपनी पकड़ और मजबूत करने के लिए लगातार अभियान चलाएगी।

## खबर संक्षेप



### एसआई बनने पर धनेश्वरी का किया सम्मान

**जामगांव आर।** दक्षिण पाटन के ग्राम धमना यूथ विजिल ग्रुप के तत्वावधान में त्रि दिवसीय भव्य रामधुनी में धमना निवासी धनेश्वरी सिन्हा का नवपदस्थ सब इंस्पेक्टर का सम्मान किया गया। इस दौरान दक्षिण पाटन के कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, श्रीष्टि स्वर्णकर, जानकी साहू, कल्याणी साहू, शीतल सोनी, रवि अग्रवार प्रभारी प्राचार्य, जितेश साहू, लालकुमार साहू उपसरपंच, शत्रुहन सिन्हा, कोमल साहू, कमलेश यादव, शिवराज यादव, सत्येंद्र सोनी आदि उपस्थित थे।

### हरिशंकर बने प्रदेश साहू संघ न्याय प्रकोष्ठ के सदस्य

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के द्वारा एकीकृत नियमावली द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए न्याय प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का



गठन डॉ. निरेन्द्र साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ की सहमति एवं रूपेश कुमार संयोजक न्याय प्रकोष्ठ की अनुशंसा से किया जाता है। कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से सह संयोजक चंद्रशेखर साहू रायपुर, सदस्यगन रेवा राम साहू अधिवक्ता बलौदा बाजार, मनीषा साहू अधिवक्ता रायपुर, हरिशंकर साहू पाटन-दुर्ग को शामिल किया गया है।

### जाति निवासी प्रमाण पत्र बनाने में हो रही दिक्कत

**सेलूद।** पाटन विधानसभा में 1 से 15 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित है। भाजपा नेता हरप्रसाद



आडिल ने बताया कि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को भी सूचित किया गया है कि अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र बनाया जाएगा लेकिन समस्या यह आ रही है कि उनके पास पर्याप्त दस्तावेज नहीं है क्योंकि इस वर्ग के अधिकांश लोगों के पास खुद का जमीन नहीं है। इनके पूर्वज अशिक्षित थे इस कारण से जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हो रहा है। इस समस्या के ऊपर सरकार ने 26 अगस्त 2013 को अपर मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ सरकार पंचायती एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश किया है कि उक्त रिकॉर्ड के अभाव में ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाया जाए। लेकिन इन वर्गों के लोगों को प्रशासन द्वारा बेवजह समस्या पैदा करके जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है।

## निधन

### सेलिन स्टीफन

**भिलाई।** श्रीराम हाइट्स, कैलाश नगर भिलाई निवासी सेलिन



स्टीफन का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 अप्रैल को निकाली जाएगी। अंतिम क्रिया नेहरू नगर कब्रिस्तान में होगी। वे एनी डेविड और एनसी केनेथ की मां और केसीए प्रेसिडेंट आर डेविड और टेरेंस केनेथ की सास थीं।

### सोहन ठाकुर

**पाटन।** नगर पंचायत पाटन के



सुभाष क्लब वार्ड क्रमांक 10 के निवासी सोहन ठाकुर उम्र 50 वर्ष का निधन 5 अप्रैल को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार पाटन के मुक्तिधाम में किया गया। वे बिराजो ठाकुर के पति और सविता ठाकुर, चंद्रिका, अमेरिका, पार्वती, सावित्री ठाकुर के पिता थे।

### उमाबाई चंद्राकर



**पाटन।** ग्राम चीचा निवासी उमा बाई चंद्राकर उम्र 80 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 अप्रैल को किया गया। वे बखरिया चंद्राकर की पत्नी एवं स्व. स्व. बसंत चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर की मां थीं।

# रिश्तों और कष्टों को मैनेज करना सिखाता है भगवान राम का जीवन

## धमना में त्रि-दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

धमना में त्रि-दिवसीय भव्य रामधुनी प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जितेंद्र कुमार साहू थे। अध्यक्षता जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक दयाराम साहू, तहसील साहू समाज पाटन अध्यक्ष लालेश्वर साहू, क्षेत्र के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि गण मंच पर आसीन रहे। मुख्य अतिथि जितेंद्र साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श है। मर्यादमय जीवन जीने की संस्कार हमें विरासत में मिली है। रिश्तों और कष्टों को कैसे मैनेज करना है भगवान श्री राम ने हमें जीवन जी कर दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलने वाले सुकून शांति भरा जीवन यापन करते हैं। दूसरों की भलाई में अपनी भलाई समझते हैं।

अध्यक्षता कर रही कल्पना नारद साहू ने कहा कि धमना में विगत 8 वर्षों से भगवान राम की धुनी में ग्रामीण लीन होते है। रामधुनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में संस्कार का उपहार देती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आयोजन समाज को संगठित रखने और भाईचारा संचार का सशक्त माध्यम है। आयोजन के कर्णधार समाजसेवी नारद साहू, जितेश साहू, कमलेश यादव, शिवराज यादव, सत्येंद्र स्वर्णकार, अंकालू साहू, लालकुमार साहू, रवि अग्रवार, संतोष साहू, कोमल साहू, अरुण सोनी, लक्ष्मण सोनवानी, गणेश सोनवानी, मनीष साहू, कीर्तन साहू, भारत साहू, प्रदीप निर्मलकर, नीलेश साहू, उदय साहू, मनीष कुमार, अभिषेक सेन, खिलेश्वर साहू, दुर्गेश साहू, भूपेंद्र नेताम, मुकेश साहू, बिरबल साहू, भारत साहू सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।




**रामधुनी में उमड़ी भीड़**

चर्रा कुरुद की भारत दर्शन रामधुनी मंडली द्वारा प्रस्तुत संपूर्ण रामायण की संगीतमय झांकी जिसमें श्रीराम-लक्ष्मण-सीता का वनवास, सीता हरण, जटायु वध, लंका दहन और रावण वध सहित नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रदेशभर से आई मंडलियां अपनी भक्ति एवं कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं, जिसे देखने और आत्मसात करने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## भोथली में बह रही रामचरित मानस गंगा, युवाओं ने कथा स्थल में किया रक्तदान

# त्रेता व द्वापर युग से भी श्रेष्ठ कलयुग ही संगम युग है : राजहंस भरद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

छत्तीसगढ़ के लोक प्रसिद्ध राजहंस मानस परिवार अंबागढ़ चौकी से आए कथा मानसगान वाचक राजहंस भरद्वाज द्वारा ग्राम भोथली में गौठान मैदान में रामचरितमानस की अमृत गंगा बह रही है। जिसमे आयोजक प्रमुख समाज सेवी व पूर्व सरपंच भोथली के दिव्यांग सुरेश साहू व समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय राम कथा चल रही है जिसमें अंचल के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

मानस गान कथा वाचक राजहंस भरद्वाज ने कहा राम चरित मानस में सात कांड है, रामायण यानि रामचरित मानस साक्षात स्वयं श्री रामचंद्र के चरण हैं, हर घर में रामचरितमानस का पाठ परिवार के होना चाहिए, क्योंकि रामचरितमानस स्वयं कामधेनु एवं भवसागर को उतारने वाली नाव है, फिर मनुष्य व्यर्थ भटक रहा, क्योंकि यही धर्म है, लेकिन किंचित मात्र सुख व झूठे लोभ में आकर कुछ लोग धर्म बदल रहे। समय रहते झूठी कुंभकर्णीय नींद से जागो, क्योंकि त्रेता युग द्वापर युग में जीव को बड़ी कठिन तपस्या करनी पड़ती है, लेकिन कलयुग श्रेष्ठ युग है अर्थात यह युग संगम युग है, प्रभु की भक्ति सरल हो गई, प्रभु के नाम, जप से ही जीव की मोक्ष निश्चित हो जाता हैं, क्यूंकि मृत्यु लोक में साक्षात शिव जी विराजित है, साक्षात द्वादश ज्योतिलिंग व हनुमान जी 11वे रूद्रअवतार है, जो हर गांव में रक्षक बन कर रहते हैं। वहीं हर गांव में सीता की शक्ति स्वरूपा अंश ही शीतला माता गांव-गांव में विराजित होकर सुख समृद्धि दे रही है व्यक्ति जब अहंकार को जब छोड़ता है, तो जीव आनंदकंद भगवान की कृपा से मोक्ष मिलती है, राम चरित मानस की एक-एक दोहा, चौपाई, छंद अमृत बूंद के समान है,जो मानव जीवन को धर्म, भक्ति, मर्यादा और आदर्शों का पाठ पढ़ाता है। यह घर में सुख-समृद्धि, मनोवांछित फल, और मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना जाता है, जिसके नियमित पाठ से राम-सीता की कृपा बनी रहती है और संकट दूर होते हैं। गंगा स्नान से तन की पवित्रता होती है, तो रामचरितमानस की कथा श्रवण करने से मन की शुद्धि होती है। यह मनवांछित फल देने वाला और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाला ग्रंथ है। यह ग्रंथ मनुष्य को माता-पिता का सम्मान, त्याग, प्रेम और कर्मयोग (नारी सम्मान, न्याय, सत्य) की शिक्षा देता है।मान्यताओं के अनुसार, जिस घर में रामचरितमानस का पाठ होता है, वहां भूत-प्रेत, भय और अकाल मृत्यु का वास नहीं होता। कलयुग में राम नाम को सबसे बड़ा आधार माना गया है, जिसे कलयुग रूपी कपट (कालनेमि) को नष्ट करने वाला बताया गया है।

आम जनमानस के लिए अवधी में रचित यह ग्रंथ, भारतीय संस्कृति का आधारस्तंभ है और आज के समाज के लिए भी एक आदर्श मार्गदर्शक है, वहीं कथा में उत्तर कांड, बालकाण्ड सहित सुंदर कांड की कथा बताते हुए हनुमान जी की भक्ति की शक्ति को बताया, वही कथा स्थल में 15 युवाओं ने रक्तदान करने पर उन्हें हेलमेट भेटकर सम्मानित किया। आयोजन में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रामशीला साहू सहित यजमाज गण रहे संजय चंद्राकर शिक्षक, रेणु चंद्राकर, महेंद्र साहू रामेश्वरी साव, मोती लाल साहू, दुलेश्वरी साहू, आकाश सोनी, सौम्या सोनी, सोमन लाल सेवा निवृत्त व्याख्याता देशमुख, बुधिया बाई, गिरवर साहू, अमर सिंह साहू, रोशन साहू हरीश साहू, योगेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**रामचरितमानस की कथा श्रवण से मन की होती है शुद्धि**



## अंचल की खबरें

### शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई



**अंडा।** ग्राम तिरगा में महान वीर योद्धा एवं राष्ट्रनायक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर दिल्लीवार कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं ग्राम प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों एवं वीरता को याद किया। वक्ताओं ने उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज के उत्थान एवं राष्ट्र सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य विजय बेलचंदन, सर्किल युवा अध्यक्ष दधिश देशमुख, प्रधान गैंदलाल, उप प्रधान रामसाय बेलचंदन, शिवाजी स्मारक अध्यक्ष युवराज देशमुख, अघनू देशमुख, भरतलाल बेलचंदन, दयाराम दिल्लीवार, भूपेंद्र बेलचंदन, रामसिंग देशमुख, नंदलाल देशमुख, टेमन देशमुख, प्रवीण देशमुख, भुलऊराम देशमुख, नरेंद्र देशमुख, भीष्म देशमुख, उपसरपंच सूखिताराम ढीमर, दिलेश्वर यादव, संतु ठाकुर, बिरेंद्र कोतवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सेलूद में गायत्री महायज्ञ व शिव महापुराण 9 से



**सेलूद।** परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी समारोह प्रयाज अभियान के अन्तर्गत आयोजित 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, शिव महापुराण कथा बाजार चौक सेलूद में होगा। मंगलमय भगवान आशुतोष महाकाल की कृपा एवं परम पूज्य गुरुदेव वंदनीया माताजी, माँ गायत्री के सूक्ष्म संरक्षण में श्रीमद् शिव महापुराण कथा, 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित है। कथा व्यासपीठ पर आचार्य महादेव रायपुर (बंजारी) वाले विराजित होंगे। कार्यक्रम 9 अप्रैल कलश यात्रा, संध्या 5 बजे संगीत एवं प्रवचन 10 अप्रैल, शुक्रवार प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक गायत्री महायज्ञ, 12 से 2 बजे तक भोजन विश्राम, दोपहर 2 से 5 बजे तक शिव महापुराण कथा । 12 अप्रैल सुबह 9 से 12 बजे तक गायत्री यज्ञ, 2 से 3 बजे महिला सम्मेलन (मार्गदर्शन गायत्री शक्तिपीठ आमालोरी), 3 से 6 बजे शिव महापुराण कथा, 6 से 7 बजे दीप महायज्ञ, 14 अप्रैल सुबह 8 से 12 बजे यज्ञ, 12 से 2 बजे शिवमहापुराण कथा, दोपहर 2 बजे टोली बिदाई, आभार समापन, प्रसादी भंडारा होगा। उक्त अवसर पर पुंसवन, विद्यारंभ, दीक्षा, विवाह दिवस, जन्मदिन, यज्ञोपवीत आदि संस्कार यज्ञ में निःशुल्क करायें जायेंगे, जिसका समय पूर्व पंजीयन होगा ग्राम सेलूद के कर्मा भवन से श्रीराम टोली के द्वारा प्राभातफेरी का शुरुवात किया गया जो कि अनवरत 14 अप्रैल तक जारी रहेगा।

### खेतों में पराली नहीं जलाने की अपील

**धमधा।** क्षेत्र के खिलोराखुर्द गांव में हाल ही में हुई भीषण आगजनी की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे में सैकड़ों एकड़ खेत, खड़ी फसलें, मवेशी, मोटर, बिजली के तार और पाइप जलकर खाक हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना



पड़ा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन लाल यादव ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए किसानों से खेतों में पराली न जलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने जैसी लापरवाही ही अक्सर ऐसी भयावह आगजनी की घटनाओं को जन्म देती है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान होता है। रमन लाल यादव ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को गांव-गांव में जागरुकता अभियान चलाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में अग्निशमन व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे समय रहते आग पर काबू पाया जा सके।

## निपानी और ओदरागहन में हनुमान जयंती कांग्रेस नेताओं ने मांगा खुशहाली का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दक्षिण पाटन के ग्राम निपानी एवं ओदरागहन में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया, जहां पंडितों ने विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया। पूरे दिन क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा रहा। सांध्यकाल में आयोजित मानसगान एवं पंडवानी की प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तों ने भक्ति संगीत और रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम एवं वीर हनुमान की महिमा का गुणगान किया। वीर हनुमान मंदिर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जनपद सदस्य दिनेश साहू, लक्ष्मीनारायण गंजीर, कुलेश्वर प्रसाद साहू एवं होमेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर योगेश साहू, अशोक साहू, लक्ष्मी साहू, गौरव सिन्हा, संतोष सिंह ठाकुर, धनेश सिन्हा, लोकेश, राहुल रघुवंशी, अजय साहू, रवि साहू, ओमप्रकाश रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, ईशु सिन्हा, छत्रपाल सिन्हा, प्रीतम रघुवंशी, सन्नी सिन्हा, मिथलेश सोनकर, मिलाप साहू, कुलेश साहू, भावेश साहू, सोनू साहू, लोकनाथ रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

■ हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया





## भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवा दल ने संस्थापक एनएस हार्डीकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवा दल की महत्वपूर्ण बैठक संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रखा गया। इस बैठक के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के महामंत्री एवं संगठन प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता, विशेष अतिथि जेआर साहू, प्रदेश महामंत्री की उपस्थिति में भिलाई शहर जिला में संगठन सृजन अभियान पर विस्तार पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम सेवा दल के संस्थापक डॉक्टर एनएस हार्डीकर की तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर सर्वप्रथम वंदे मातरम गायन के साथ प्रारंभ की गई। गुप्ता ने कहा कि किसी भी पार्टी के लिए संगठन महत्पूर्ण होता है। भिलाई शहर सेवा दल ने संगठन को ब्लॉक स्तर पर जुड़कर कार्य कर रहा है। गुप्ता ने बैठक में शामिल सभी सेवा दल के साथियों को संगठन सृजन अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस संगठन सृजन बैठक का संचालन लकी नारायण सोनी प्रदेश सचिव एवं आभार प्रदेश सचिव बलदेव मेहरा ने किया, बैठक में उपस्थित अंजुम निशा, लक्ष्मी सोनवानी, संतोष साहू, प्रमिला यादव, तुलसी निषाद ,तमजीद आलम, धनराज पर्दे, जमुना बाई प्रदेश सचिव ,कृष्ण देवांगन और भी सेवा दल के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

■ संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

## सात अप्रैल को पाटन में होगा प्रदर्शन

**पाटन।** जनकल्याण समिति पाटन की एक महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्र की विभिन्न जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, गांवों में रोजगार मूलक कार्यों की स्थिति, पेंशन से जुड़ी समस्याएं सहित कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। जनप्रतिनिधियों ने इन विषयों पर समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 7 अप्रैल को इन मुद्दों के समर्थन में धरना प्रदर्शन और रैली निकालने का भी ऐलान किया गया है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

### दुर्ग में बी वन मेन्स फैशन हब का भव्य शुभारंभ




**दुर्ग।** दुर्ग के पुलगांव चौक स्थित दुर्ग ट्रेड सेंटर में बी वन मेन्स फैशन हब का शुभारंभ रविवार सुबह 11 बजे किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में सुरेशचंद्र बाकलीवाल सेवानिवृत्त आयुक्त मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस नए शोरूम में ग्राहकों के लिए एथनिक वियर, कैजुअल वियर, फॉर्मल वियर, सूटिंग-शर्टिंग और एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। साथ ही कस्टमाइजेशन की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार परिधान तैयार करवा सकते हैं। शोरूम में लीवाइस, एरो, मफती, जैक एंड जोन्स, टाइटन सहित कई प्रमुख ब्रांड्स के उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को बेहतर विकल्प मिलेंगे। शुभारंभ के अवसर पर विशेष उद्घाटन ऑफर भी रखा गया, जिसका लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचे और जमकर खरीदारी की।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सेल के स्वदेशी स्पेशल स्टील से आईएनएस तारागिरी को मिली मजबूती, सुपरसोनिक मिसाइलों से है लैस



## भिलाई सहित बोकारो व राउरकेला के फौलाद से है निर्मित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील उत्पादक महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नीलगिरी-श्रेणी (प्रोजेक्ट 17 ए) के चौथे स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस तारागिरी को भारतीय नौसेना में शामिल किए जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अत्याधुनिक युद्धपोत को 3 अप्रैल को नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया।

इस युद्धपोत का निर्माण मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा किया गया है। इसमें सेल द्वारा आपूर्ति किए गए 4 हजार टन विशेष ग्रेड के स्टील प्लेटों की पूरी ज़रूरत का उपयोग किया गया है। इस विशेष इस्पात का उत्पादन सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों में किया गया है। सेल भारत के रक्षा स्वदेशीकरण प्रयासों में प्रमुख रूप से अपनी भूमिका निभा रहा है और सरकार के आत्मनिर्भर भारत' और मेक इन इंडिया' मिशन को लगातार मजबूती प्रदान कर रहा है। कंपनी ने इससे पहले भी कई नौसैनिक प्लेटफार्मों के लिए स्पेशल स्टील की आपूर्ति की है, जिसमें स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत और प्रोजेक्ट 17 ए श्रेणी के पहले तीन जहाज आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि शामिल हैं।




### आत्मनिर्भरता का प्रमाण

आईएनएस तारागिरी का नौसेना में शामिल होना रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता का एक बड़ा प्रमाण है। इस अत्याधुनिक युद्धपोत में मारक सुपरसोनिक मिसाइलों से सुसज्जित है। यह दुश्मन देश से सिर्फ अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है बल्कि लंबी दूरी की अधिक मारक क्षमता वाली मिसाइलों वाला नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत भी है। यह मालवाहक युद्धपोत के रुप में भी काम कर सकता है। यह दिखाता है कि देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने में घरेलू इस्पात उद्योग का कितना बड़ा योगदान है।

---

**खबर संक्षेप**

### केंद्रीय यांत्रिकी संगठन में शाबाश योजना पुरस्कार



**भिलाई।** बीएसपी के केंद्रीय यांत्रिकी संगठन में शाबाश योजना के तहत पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय यांत्रिकी संगठन के विभिन्न विभागों से कुल 7 कार्यपालक व 12 गैर-कार्यपालक कर्मियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी एसके बेहेरा व मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार थे।

पुरस्कृत कर्मियों में महाप्रबंधक सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक संजेश, सहायक महाप्रबंधक राजेश नायर, सहायक विजयकुमार सैनी, अरविंदर सिंह चाना, प्रबंधक राकेश चौधरी, सीनियर ड्राफ्ट्समैन शिव प्रसाद, ओसीटी दीपक कुमार यादव, सहायक प्रबंधक आदित्य कुमार साहू आदि शामिल थे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि कहा कि कर्मियों की यही प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन संयंत्र को वार्षिक उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति में महत्वपूर्ण कामयाबी मिलेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक आशीष घोष, नबर्षी राय, वर्गीस पी. जॉन, राकेश पाण्डे, बीएन झा, महाप्रबंधक आरके बोराह,मुजीब हुसैन, मेजी मेजर सिंह, महाप्रबंधक प्रदीप्ता भौमिक आदि अधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

---

## इस बार समय से पहले आएगा रिजल्ट, 1000 शिक्षकों ने जांची कापियां

# दसवीं-बारहवीं बोर्ड की चार दिन पहले ही 1.20 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बोर्ड के निर्धारित समय से चार दिन पहले ही पूरी कर ली गई। दुर्ग के दोनों मूल्यांकन केंद्रों में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की भेजी गई 1 लाख 20 हजार 287 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच समाप्त हो गई है। बोर्ड ने 7 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने के लिए समय सीमा तय की थी। दुर्ग जिले के अलावा प्रदेशभर के अन्य जिलों में इन दोनों बोर्ड कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। यहां भी समय पर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी कर ली जाती है तो इस बार दसवी-बारहवीं का रिजल्ट पिछले साल की अपेक्ष जल्दी घोषित हो जाएंगे। इसी प्लान के तहत बोर्ड ने परीक्षाएं भी पहले ली।



मूल्यांकन केंद्र में कापियों की जांच के दौरान मॉनिटरिंग करते जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा।

### 1000 शिक्षकों ने केवल 18 दिनों में जांच की पूरी

बोर्ड ने दुर्ग जिले के आदर्श गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल और सेजस (स्वामी आत्मानंद स्कूल) दीपक नगर में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच करवाई। 16 मार्च से उत्तरपुस्तिकाओं की जांच शुरू हुई और 7 अप्रैल को पूरी करने का समय दिया। लेकिन दोनों की मूल्यांकन केंद्रों में केवल 18 दिनों में 1 लाख 20 हजार 287 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच पूरी कर ली गई। मार्च मे दो दिन व्यापमं की परीक्षा होने की वजह से जांच प्रभावित रही और इस महीने 4 अप्रैल को ही मूल्यांकन कार्य हो गया। खास बात यह है कि इन उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करीब 1 हजार शिक्षकों ने पूरी की।

### दसवीं और बारहवीं की ऐसी जंची कापियां

दोनों ही केंद्रों पर सुरक्षा और गोपनीयता के बीच शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य किया। सेजस दीपक नगर केंद्र पर कुल 52,768 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ। इसमें हाई स्कूल (10वीं) की 35,115 और हायर सेकंडरी (12वीं) की 17,653 कॉपियां शामिल थीं। आदर्श गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल में 67,519 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हुई। जिसमें 12वीं की 23,519 और 10वीं की 40000 कॉपियां रहीं।

### हिंदी विषय की परीक्षा 10 को

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 14 मार्च को हुई 12वीं कक्षा का हिंदी पेपर रद्द कर दिया है। पेपर लीक होने की पुष्टि के बाद, परीक्षा अब 10 अप्रैल को सुबह 9 से दोपहर 12.15 बजे तक फिर से ली जाएगी। परीक्षा के बाद फिर से उन कॉपियों के मूल्यांकन की प्रक्रिया चलेगी, जिससे रिजल्ट जारी करने की पूर्व प्लानिंग में देरी हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक कर्मचारियों और शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगनी है, जिसे देखते हुए बोर्ड की मंशा अप्रैल अंत या मई के प्रथम सप्ताह तक परिणाम जारी करने की है।

### विडंबना यह भी : सीजी में एक कापी जांचने 10 रुपए और सीबीएसई में 45 रुपए

सीजी बोर्ड और सीबीएसई द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन दर में काफी अंतर है। सीजी बोर्ड कई सालों से दसवीं की एक कापी के मूल्यांकन पर मूल्यांकनकर्ताओं को महज 10 रुपए और बारहवीं का 11 रुपए देता है। वहीं सीबीएसई दसवी की एक उत्तरपुस्तिका जांचने के लिए 45 रुपए और बारहवीं में 50 रुपए दे रहा है। मूल्यांकन दर में इतना अंतर होने से सीजी बोर्ड के मूल्यांकनकर्ताओं में मायूसी है।

### अनुभवी शिक्षकों से मिला फायदा

हमने बोर्ड द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप कार्ययोजना बनाई। तीन स्तर पर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हुई है। अनुभवी शिक्षकों ने बेहतर ढ़ग से उत्तरपुस्तिकाओं की जांच को अंजाम दिया है। जिसकी वजह से समय से पहले ही मूल्यांकन का कार्य पूरा कर दिया है। डाटा फीडिंग का काम भी जांच के बाद रोज चला।

**-जे मनोहरण व कृष्णा अग्रवाल,** मूल्यांकन केंद्र प्रभारी

---

**पुलिस ने चलाया विशेष अभियान**

## अड्डेबाजी और असामाजिक तत्वों पर पुलिस सख्त, 10 थानों के 46 जगह पर कार्रवाई



### थाना स्तर पर बनाई गई थी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस ने अड्डेबाजी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस की टीमों ने इसके तहत रविवार तड़के कई जगह दबिश दी। 4 अप्रैल की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया, जहां युवकों द्वारा समूह बनाकर अड्डेबाजी की जाती है, नशा सेवन करना, धारदार हथियार लेकर घूमना एवं आम जनता में भय का वातावरण निर्मित करना पाया जाता है। अभियान के दौरान अड्डेबाजी करने वाले, नशा सेवन करने वाले, संदिग्ध रूप से घूमने वाले व्यक्तियों की जांच कर उन्हें कड़ी समझाइश दी गई। खुले में शराब सेवन करने वालों पर आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

- शराब पीने वाले, धारदार हथियार लेकर घूमने, नशा सेवन पर कार्रवाई

जिसमें थाना धमधा 10, पुलगांव 08, पद्मनाभपुर 7, जामुल 5, दुर्ग 04, नेवई 3, अंडा 3, भिलाई नगर 2, पुरानी भिलाई 2, खुर्सीपार 2 शामिल है। उक्त कार्रवाई कार्यवाही में जिले के सभी थाना प्रभारियों, पेट्रोलिंग टीमों एवं थानों में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

---

# आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के चलते ट्रेनें रद्द और प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में चल रहे काम के कारण कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रायपुर-उरकुरा-मांढर सेक्शन में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग लगाने का काम किया जा रहा है। ट्रेनें पूरी तरह रद्द रहेंगी और कुछ आंशिक रूप से चलेंगी। जिसमें 11 मेमू ट्रेनों को पूरी तरह रेलवे ने रद्द किया। इसके अलावा 4 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द (बीच से चलेंगी) रहेंगी। ये ट्रेन पूरी तरह बंद नहीं होगी, बल्कि अपने पूरे रूट का कुछ हिस्सा नहीं चलती। जिसमें ट्रेन 68728 रायपुर बिलासपुर मेमू, 68719 बिलासपुरझरायपुर मेमू, 68733 गेवरा रोड बिलासपुर मेमू, 68734 बिलासपुर गेवरा रोड मेमू, 58205 रायपुर नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 68701 रायपुर दुर्ग मेमू, 68702 दुर्ग रायपुर मेमू, 68703 रायपुर दुर्ग मेमू, 68704 दुर्ग रायपुर मेमू, 6 अप्रैल 2026 को 58206 इतवारी रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 4 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द में ट्रेन 68862 झारसुगुड़ा गोंदिया मेमू: बिलासपुर तक ही चलेगी, ट्रेन 68861 गोंदिया झारसुगुड़ा मेमू: बिलासपुर से शुरू होगी, ट्रेन 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर 4 अप्रैल महासमुंद तक ही चलेगी, 58218 रायपुर टिटलागढ़ पैसेंजर 5 अप्रैल महासमुंद से चलेगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों को होने वाली असुविधा पर खेद



---

# भाजपा का स्थापना दिवस आज, होंगे विविध आयोजन



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को जिला भिलाई कार्यालय में मनाया जाएगा। आयोजन में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की विचारधारा, उपलब्धियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। साथ ही मिठाई वितरण, रंगोली, दीपोत्सव और आतिशबाजी का आयोजन भी होगा। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने बताया कि इस दौरान जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर और भोजन की व्यवस्था की जाएगी। एनजीओ प्रकोष्ठ सुबह 9 बजे फल वितरण व स्वल्पाहार तथा दोपहर 12 बजे शनि मंदिर, सेक्टर-6 में शरबत वितरण करेगा। अल्पसंख्यक मोर्चा सुबह 11 बजे सुपेला घड़ी चौक पर शरबत वितरण तथा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा बोलबम चौक, केनाल रोड खुर्सीपार में शरबत वितरण करेगा। भिलाई-3 के सिरसा गेट पर शरबत वितरण, चरोदा मंडल द्वारा सरकारी एवं रेलवे अस्पताल में फल वितरण एवं स्कूलों में कॉपी-पुस्तक वितरण, हनुमान मंदिर के पास शरबत वितरण किया जाएगा।

अहिवारा मंडल द्वारा बस स्टैंड, मुरमुदा मंडल द्वारा मुरमुदा चौक, जामुल मंडल द्वारा रावण भाठा में शरबत एवं चना वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार जेवरा-सिरसा मंडल, सुपेला मंडल, कैंप मंडल, वैशाली नगर मंडल, कोहका मंडल, पश्चिम मंडल, पूर्व मंडल एवं खुर्सीपार मंडल में भी विभिन्न स्थानों पर शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---

# पचास लाख रुपए कीमत के 205 मोबाइल पुलिस ने लौटए, लोगों के चेहरे खिले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिले से गुम हुए सैकड़ों की संख्या में मोबाइल फोन को एसीसीयू की टीम ने खोजा और उन्हें उनके असली मालिक को सौंपा। इसके लिए पुलिस वर्ष 2023 से 2026 तक अभियान चलाकर गुम हुए मोबाइल फोन को तकनीकी मदद से खोजा। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा एवं रायपुर क्षेत्रों से विभिन्न कंपनियों के कुल 205 गुम मोबाइल फोन खोजा। वापस मिले मोबाइल की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम में सभी मोबाइल के मालिकों को बुलवाया और उनको उनका गुमा हुआ फोन वापस किया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी को सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी होने पर तुरंत अपने थाने शिकायत दर्ज कराएं।

- एसीयू की टीम ने ट्रैक कर मोबाइल फोन का लगाया पता

### सीईआईआर पोर्टल पर स्वयं लॉगिन करें

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मोबाइल गुम होने पर उसकी शिकायत सीईआईआर पोर्टल पर स्वयं लॉगिन कर कर सकते हैं। रिपोर्ट दर्ज करने से पूर्व गुम मोबाइल नंबर को अनिवार्य रूप से आबंटित कराएं। पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने के लिए रिपोर्ट की प्रति, गुम मोबाइल का बिल, आधार कार्ड आवश्यक होगा। जिसे निर्धारित स्थान पर अपलोड करना होगा। रिपोर्ट प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा। सबमिट विकल्प चयन करने पर रिपोर्ट सफलतापूर्वक दर्ज हो जाएगी। रिकवेस्ट आईडी मिलेगी जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने से गुम मोबाइल की खोज, ब्लॉकिंग, आगे की वैधानिक कार्रवाई में मदद मिलेगी।

---

## एसएमएस-3 में आरएच सीओजी कन्वर्जन और लैडल बेली स्टैंड का इन-हाउस निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) में इन-हाउस नवाचार के माध्यम से दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं, आरएच डिगैसर के प्रोपेन से कोक ओवन गैस (सीओजी) में रूपांतरण तथा अतिरिक्त लैडल बेली स्टैंड के निर्माण को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया। परियोजनाओं का निर्माण कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। दोनों परियोजनाओं के कार्य मात्र पंद्रह दिनों की अल्प अवधि में पूर्ण किए गए। मुख्य महाप्रबंधक बीके बेहरा, पीके सिंह तथा सीजीएम त्रिभुवन बैठा, महाप्रबंधक प्रद्युम्न सतपथी, डी विजित, महाप्रबंधक प्रमोद अग्रवाल, महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा एवं महाप्रबंधक दिलीप वार्ष्णेय भी उपस्थि थे।एसएमएस-3 का आरएच डिगैसर, जो तरल इस्पात के वैक्यूम डिगैसिंग के लिए महत्वपूर्ण यूनिट है और भारतीय रेलवे हेतु ब्लूम एवं रेल उत्पादन की कड़ी गुणवत्ता आवश्यकताओं को पूरा करता है। पूर्व में वेसल प्रीहीटिंग के लिए प्रोपेन गैस पर आधारित था।

- टीम वर्क से मिली सफलता

ईंधन संकट एवं प्रोपेन की सीमित उपलब्धता के कारण इस प्रणाली का निर्बाध संचालन चुनौतीपूर्ण हो गया था। एसएमएस-3 की टीम समाधान खोजते हुए पूर्णतः इन-हाउस इंजीनियरिंग एवं निष्पादन के माध्यम से आरएच डिगैसर वेसल प्रीहीटिंग सिस्टम को प्रोपेन से कोक ओवन गैस (सीओजी) में परिवर्तित किया।

---

### अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन 10 अप्रैल तक

दुर्ग। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2027 के लिये प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ऑनलाईन आवेदन 10 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं।

---

## सीटू ने सीजीएम से की कूलर लगाने की मांग

# बीएसपी के मैकेनिकल जोन में कर्मी गर्मी से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मैकेनिकल जोन की समस्याओं को जल्द निदान की मांग की है। टार्च की बैटरी और वेलफेयर सुविधाओं आदि लेकर कर्मियों को परेशान होना पड़ रहा है। गर्मी के तेवर दिखाने के बाद भी कूल भी सुधारे नही गए हैं।

मैकेनिकल जोन की टीम और यूनियन के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मैकेनिकल जोन के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के साथ हुई बैठक में विभिन्न विभागों की समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में यूनियन की ओर से सत्यजीत गांगुली, एस एस के पनीकर, अनूप साहा, टी जोगा राव, विजय जांगड़े, जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी, संतोष कुमार देवांगन, केवेंद्र सुंदर एवं डीवीएस रेड्डी उपस्थित थे। यूनियन के उपाध्यक्ष संतोष पन्नीकर ने कहा कि मैकेनिकल जोन के अंदर कई महीनो से टेफलॉन टेप नहीं आ रहा है काम चलाने के लिए इसे मार्केट से खरीद कर लाना पड़ रहा है।पूरा संयंत्र ही टेफलॉन टेप के लिए तरस रहा है जबकि टेफलॉन टेप की आवश्यकता मैकेनिकल फील्ड में अधिकांश जगहों पर पड़ती है। टार्ज में उपयोग होने वाली बैटरी को भी बाहर से लाकर काम चलाना पड़ रहा है।

मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि हम अपने बजट से कुछ टेफलॉन टेप मंगाकर दे देंगे एवं ऊपर चर्चा करेंगे । यूनियन ने बताया कि गर्मी बढ़ने के बाद भी मैकेनिकल जोन में कूलर और पैड (खस) नही लगाने से कर्मियों को परेशान होना पड़ रहा है। हमें बाजार से खरीदकर लाना पड़ रहा है। यूनियन ने सुरक्षा एवं कर्मियों के वेलफेयर को लेकर सकारात्मक पहल करने की मांग की गई।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



साड़ी को कीजिए कुछ ऐसे ढंग...

लाइव इवेंट

## सीनियर महिला हैंडबाल टीम ने कांस्य पदक पर किया कब्जा



**भिलाई।** 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस उपलब्धि में भिलाई और आसपास के खिलाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की 20 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया। पूल-ई में शामिल टीम ने अपने शुरुआती मुकाबलों में शानदार खेल दिखाते हुए उत्तराखंड को 17-2 और गुजरात को 26-16 गोल से हराकर प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद प्री-क्वार्टरफाइनल में छत्तीसगढ़ ने बिहार को 26-9 गोल से हराया। क्वार्टरफाइनल में टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पंजाब को 28-23 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ का सामना हिमाचल प्रदेश से हुआ, जहां टीम को 18-32 गोल से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, बेहतर प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ को दिल्ली के साथ संयुक्त रूप से कांस्य पदक प्रदान किया गया।

टीम में भिलाई और दुर्ग क्षेत्र से जुड़े कई खिलाड़ी शामिल रहे, जिन्होंने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से भिलाई का खेल जगत गौरवान्वित हुआ है। टीम की इस उपलब्धि पर विभिन्न खेल संगठनों, पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों, प्रशिक्षक जूनियट विनय एवं प्रबंधक विजय बहादुर को बधाई दी। भिलाई के कांस्य पदक खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं प्रबंधक में भाविका रामटेके दुर्ग, सोनिका सी.आई.एस.एफ. भिलाई, अनिका सी.आई.एस.एफ. भिलाई, रेणुका यादव दुर्ग, दिशा बोस दुर्ग, टीम के प्रबंधक विजय बहादुर बी.एस.पी भिलाई शामिल है।

लाइव इवेंट

## त्राटक विधि से आंखों की रोशनी होगी तेज, बच्चों को कराएं एक्सरसाइज



**भिलाई।** अगर आपका बच्चा भी घंटो फोन देखकर वक्त बिताता है तो उसके रूटीन में कुछ एक्सरसाइज जरूर शामिल करें, इससे आंखों को आराम मिलता है और रोशनी भी सही बनी रहती है।दुनिया देखने के लिए आंखों का सही रहना जरूरी है। लेकिन आजकल कम उम्र में ही आंखों की रोशनी कम होने लगी है। दरअसल इसके पीछे का कारण खराब लाइफस्टाइल, खराब खानपान और बढ़ता स्क्रीन टाइम है। बच्चे घंटों फोन और टैब पर वक्त बिताते हैं। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाती है। आगे चल कर बच्चे को चश्मा लग जाता है। अगर आप भी चाहते हैं कि आपके बच्चों की आई साइट सही बनी रहे तो अभी से ही ये 4 एक्सरसाइज उनसे जरूर करवाएं। आंखों को लेफ्ट-राइट घुमाएंअपने बच्चों से आंखों को लेफ्ट-राइट घुमाने वाला एक्सरसाइज जरूर करवाएं। आंखों को घुमाने के लिए सीधे बैठना है और गर्दन को स्थिर रखना है। सिर्फ आईबॉल्स को ही घुमाना है। इससे आंखों की मूवमेंट बेहतर होती है और आई साइट में सुधार की संभावना बढ़ती है।

### तेजी से पलक झपकाना भी फायदेमंद

भी आंखों को फायदा पहुंचता है। 10 सेकंड तक पलकों को तेजी से झपकाएं और फिर 20 सेकेंड के लिए आंखें बंद कर लें। रोजाना 4 से 5 बार बच्चों से इस एक्सरसाइज को करवाएं, इससे आंखों को काफी टकटकी लगाए बच्चों से टकटकी वाली एक्सरसाइज जरूर कराएं। इसे त्राटक के नाम से जाना जाता है। इस एक्सरसाइज को करने के लिए एक वस्तु पर फोकस करना होता है। इससे आंखों का तनाव कम होता है।

## युवा कलाकारों ने अभिनय से जीता दिल



**भिलाई।** हिंदी रंगमंच दिवस की पूर्व संध्या पर नेहरू सांस्कृतिक सदन, सेक्टर-1 में आयोजित नाट्य संध्या में युवा कलाकारों ने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। कला साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ कवच के तत्वावधान तथा इप्टा भिलाई के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में नाट्य कार्यशाला से जुड़े बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से रंगमंच की जीवंतता का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मणिमय मुखर्जी के स्वागत उद्बोधन से हुई। इसके बाद नीरज, पलक, मोनालिसा, जगन्नाथ, अनुष्का, सुशांत, अतुल्या, शौर्य, लावाण्या, पिंकी, नैंसी, नंदिता, रोहित पाली, आदर्श, खुशी और शब्बीर ने अभिनय, संवाद और भावाभिव्यक्ति से समां बांधा।

● हर रविवार मुफ्त फिल्म का लोग लेंगे आनंद, महापौर सहित जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# भिलाई में हरिभूमि का फिल्मोत्सव शुरू देशभक्ति की फिल्म से हुआ आगाज

**भिलाई।** भिलाई में रविवार को हरिभूमि और फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में फिल्मोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चंद्र-मौर्या टाकीज में हुआ, जहां शहरवासियों को निःशुल्क फिल्म दिखाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई महापौर नीरज पाल, एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू और भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक शामिल हुए। सभी अतिथियों का स्वागत हरिभूमि के ब्यूरो चीफ डॉ. संदीप उपाध्याय और यूनिट हेड विजय प्रसाद मंडल उनकी टीम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। फिल्मोत्सव की शुरुआत देशभक्ति से जुड़ी धुरंधर-2 फिल्म के प्रदर्शन से की गई। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ पहुंचे। दर्शकों ने फिल्म का भरपूर आनंद लिया और आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि हर रविवार को इस तरह की फिल्म दिखाई जाएगी। शहरवासियों को नियमित रूप से मनोरंजन के साथ-साथ देश भक्ति जोड़े रखने के लिए इस तरह की फिल्मों को दिखाया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पत्रकार देबीलाल साहू, संगीता मिश्रा, सुवांकर रॉय सहित मार्केटिंग विभाग के राजू डोरा, कौशिक चटर्जी, एचआर पिंकी चौधरी, राजीव पांडेय, महेंद्र खरे और बलदाऊ प्रसाद पांडेय का विशेष योगदान रहा।



### अतिथियों ने की सराहना

भिलाई नगर पालिक निगम के महापौर नीरज पाल और एमआईसी मेंबर सहित भाजपा की महिला मोर्चा भिलाई अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने इस पहल को सराहा। महापौर नीरज पाल ने कहा कि अभी समर वेकेशन चल रहे हैं। ऐसे में हरिभूमि और फायर सेफ्टी के द्वारा जो फिल्म दिखाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है वह काफी सराहनीय है। एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू ने कहा इस बात की खुशी हो रही है कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक संडे का नहीं बल्कि हर रविवार को चलेगा। आज सुबह-सुबह फिल्म देखने को लेकर बच्चों के चेहरे में जो खुशी देखने को मिली दिल को छूने वाली थी। बच्चों की खुशी को देखकर महापौर ने कहा कि वो खुद फिल्म को उनके साथ देखकर एंजॉय करेंगे। वहीं स्वीटी कौशिक ने कहा देशभक्ति की फिल्में हमारे व आने वाले देश के भविष्य (बच्चों) के मन में देशभक्ति की भावना को बढ़ाता है। धुरंधर सहित कई ऐसी फिल्में हैं जो देशभक्ति पर आधारित हैं। ऐसी फिल्में समय-समय पर दिखाए जाने से हमारे व बच्चों के ऊपर सकारात्मक प्रभाव डालता है।



### बच्चों ने कहा थैंक्यू हरिभूमि

फिल्म देखने के बाद बच्चों ने हरिभूमि का आभार जताया। बच्चों ने कहा कि बड़े लंबे समय के बाद वे थियेटर पहुंचे और देशभक्ति से संबंधित फिल्म देख वे प्रफुल्लित हुए। फिल्म देखने पहुंचे बच्चों में अक्षर उपाध्याय, अपूर्वा उपाध्याय, हर्ष रॉय, लोकेंद्र साहू, राजबीर चोपड़ा, अभिषेक दास, आकांक्षा शाह, धनंजय विश्वास, शिवांश डे ने कहा फिल्म देखकर बहुत मजा आया। हम अगले रविवार का बेसब्री से इंतजार करेंगे। फिल्म दिखाने के लिए हरिभूमि समाचार पत्र को दिल से थैंक्यू।

### फिल्म देखकर झूम उठे बच्चे, हंसी-खुशी से भरा रहा पूरा माहौल

शहर में आयोजित फिल्मोत्सव बच्चों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रहा। फिल्म देखने पहुंचे बच्चों ने न सिर्फ सिनेमा का आनंद लिया, बल्कि पूरे समय उत्साह और खुशी से सराबोर नजर आए। फिल्म शुरू होते ही बच्चों की तालियां और हंसी गूंजने लगी। हर सीन पर उनकी मासूम प्रतिक्रियाएं माहौल को और भी जीवंत बना रही थीं। कई बच्चे अपने दोस्तों के साथ फिल्म का लुत्फ उठाते दिखे, तो कुछ परिवार के साथ इस खास पल को एन्जॉय करते नजर आए। बच्चों ने कहा कि उन्हें बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का यह अनुभव बहुत अच्छा लगा। कुछ ने इसे अपनी जिंदगी का खास दिन बताया। फिल्मोत्सव ने बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ एक अलग दुनिया से रूबरू कराया, जहां वे कुछ समय के लिए पढ़ाई और रोजमर्रा की दिनचर्या से दूर होकर खुलकर हंस सके और खुशियां बांट सके।

## समर कैंप में बच्चों ने खेल-खेल में सीखी नई एक्टिविटी

**भिलाई।** रोटरी क्लब ऑफ भिलाई पिनेकल द्वारा स्मृति नगर आंगनबाड़ी में एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 25 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो घंटे से अधिक समय तक चले इस कैंप में बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और शिक्षाप्रद गतिविधियां आयोजित की गई। बच्चों ने ट्रेन क्राफ्ट बनाना, हैंड स्टैम्प पेंटिंग करना, नृत्य और गायन में भाग लिया तथा गुब्बारों सहित कई रोचक खेल खेले। कार्यक्रम में कहानी सत्र के साथ-साथ पौधों और फूलों पर आधारित सामान्य ज्ञान भी साझा किया गया, जिससे बच्चों को सीखने का अवसर मिला। अंत में सभी बच्चों को बैग वितरित किए गए। इस आयोजन की सफलता में आरटीएन नेहा जैन, आरटीएन शालू गोयल, आरटीएन स्नेहा गुलाटी, आरटीएन ट्विंकल गोयल, आरटीएन निधि बंसल और आरटीएन वर्षा गोयल का योगदान रहा। कार्यक्रम के संचालन के लिए आरटीएन निधि बंसल एवं आरटीएन शालू गोयल प्रोग्राम डायरेक्टर्स का आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. पूर्वा रोजिंदार ने कहा कि बच्चों के चेहरे की खुशी अमूल्य है और क्लब भविष्य में भी सर्विस एबव सेल्फ की भावना के साथ ऐसे प्रयास करता रहेगा।



## सिविक सेंटर में सफाई अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश




**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई के तत्वावधान में रविवार को साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। समिति के संरक्षक बालूराम वर्मा के नेतृत्व में मनवा कुर्मी कल्याण समिति भिलाई नगर एवं पर्यावरण मित्र मंडल के सदस्यों ने मिलकर सिविक सेंटर स्थित मोन्यूमेंट के आसपास फैले झिल्ली और कचरे की साफ-सफाई की। अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने न केवल परिसर को स्वच्छ किया, बल्कि वहां लगाए गए पौधों में पानी भी दिया। सदस्यों ने बताया कि पौधों की नियमित देखभाल से वे जल्द ही वृक्ष का रूप ले सकेंगे और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर मनवा कुर्मी कल्याण समिति के अध्यक्ष सेवक वर्मा, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, वरिष्ठ सलाहकार राजेश वर्मा सहित दिनेश वर्मा, चुनेश्वर नायक, भगवती चरण मढ़रिया, राकेश धुरंधर, योगेंद्र वर्मा, कृतराम मढ़रिया, विजय कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, गजानंद वर्मा, अजित बंछोर और राजेश परगनिहा उपस्थित रहे।

उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जाना नवाचार

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** विद्यार्थियों में उद्यमिता और उभरते स्टार्टअप अवसरों के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला सामल ने कहा कि अनेक विद्यार्थी नवाचार और व्यावहारिक कौशल से परिपूर्ण हैं,लेकिन उन्हें अपने विचारों को साकार रूप देने के लिए उचित मंच और दिशा की आवश्यकता होती है। एमएसएमई के संदर्भ में उन्होंने बताया कि छात्र उद्यमियों के सामने एक प्रमुख चुनौती वित्तीय संसाधनों की कमी होती है, जो व्यवसाय शुरू करने में बाधा बनती है। ऐसे कार्यक्रम एवं विशेषज्ञों के साथ संवाद विद्यार्थियों को न केवल प्रेरित करेंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक समस्याओं, विशेष रूप से व्यवसाय विकास और वित्तीय संसाधनों से संबंधित चुनौतियों को समझने और दूर करने में भी सहायता करेंगे।

## नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनकर शुरू करें स्टार्टअप, सरकारी योजनाओं का ले लाभ



### चुनौतियों और अवसर को समझकर बनें सफल उद्यमी

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने उद्यमिता के वर्तमान समय में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में नवाचार और परिवर्तन, चुनौतियो और अवसर को समझकर व्यक्ति सफल उद्यमी बन सकता है विशेषज्ञों एवं उद्योग से जुड़े व्यक्तियों के मार्गदर्शन और सहयोग से विद्यार्थी अपने विचारों को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर सकते हैं और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रबंधक तुषार त्रिपाठी ने व्यवसाय, उद्यमिता के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के महत्व के साथ ही औद्योगिक नीति के तहत उद्योगों को मिलने वाली सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने स्नातक उपरांत कैरियर निर्धारित करने के महत्व पर बल दिया। विद्यार्थियों को कौशल विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता पर समान रूप से ध्यान देने की सलाह दी, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में खुशबू पाठक, अमरजीत, विजय मिश्रा, तिलक साहू, इंद्रानी दास सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### स्वरोजगार शुरू कर किया प्रेरित

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआर निकुंज मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, दुर्ग ने कहा की कार्यशाला से विद्यार्थियों को सरकार द्वारा स्टार्टअप एवं उद्यमियों के लिए बनाई गई योजना की जानकारी मिलती है और वो स्वरोजगार शुरु कर इन योजनाओं का लाभ उठा सकते है। डॉ. दीपक शर्मा और डॉ. मोनिषा शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनकर निकलें, हमारी यही कोशिश रहती है।



## सिटी इवेंट

# ईद मिलन में घुली सेवईयों की मिठास, दी मुबारकबाद



**भिलाई।** शेर-ए-ख़ुदा मस्जिद में शुक्रवार को नमाज के बाद नमाज़ ए जुमा ईद मिलन का आयोजन किया गया। जहां मौजूद मेहमानों ने एक बेहद खूबसूरत और रूहानी माहौल सेवईंयो की मिठास के साथ ईद की मुबारकबाद पेश की गई। सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी की ओर से यह आयोजन किया गया। नमाज़ के बाद लोग एक दूसरे से गले मिले और दुआओं का सिलसिला चलता रहा।

इस मौके पर सीएसपी छावनी प्रशांत सिंह, छावनी टीआई रामेन्द्र सिंह जामुल और थाना स्टाफ की भी मौजूदगी रही। ईद मिलन में अल्लामा ताज़ीम अहमद जामई, हाजी एमएच सिद्दीकी, कमेटी के सरपरस्त जनाब इस्तेखार सिद्दीकी, रशीद खान, हाजी मुश्ताक अहमद, ज़ाकिर हुसैन, नसरुद्दीन, मोहम्मद इफ़्तेख़ार खान, अब्दुल माजिद उर्फ़ गुड्डु भाई,सैय्यद इरफ़ान रिज़वी, जावेद खान, अहमद हुसैन उर्फ़ छोटू भाई, रेयाज़ अहमद, फ़िरोज़ अहमद, मेराज अहमद खान, नज़ीर खान, अबरार रज़ा और फ़रीज़ उस्ताद सहित अन्य लोगों की भागीदारी रही। बच्चों ने भी इस मौके पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी मौजूदगी से माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। शैख़ आमिर,अली, अयान,फैज़ान, ज़ैद, आफ़ताब, रूहान, फैज़, अयान खान और रेहान जैसे बच्चों का जोश क़ाबिल-ए-तारीफ रहा।



● रविवार को हुई विशेष प्रार्थना, फादर ने यीशु के जीवन का वृतांत बताया

# शहर के गिरजाघरों में ईस्टर पर्व की रही धूम, जगह-जगह की गई प्रेयर

भिलाई। ट्विनसिटी में ईसाई समुदाय के लोगों ने रविवार को ईस्टर का पर्व धूमधाम से मनाया। इसे ईस्टर संडे भी कहते हैं। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाया जाने वाला यह पर्व ईसाई समाज के लोगों के लिए खास होता है। प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद वह पुनर्जीवित हो गए थे। इस लिए इस पर्व को यीशु के पुनरुत्थान के रूप में मनाया जाता है। ईस्टर का त्योहार ईसाई धर्म के प्रमुख पर्वो में में से एक है। इस अवसर पर लोग चर्चो में एकत्रित होकर उनके द्वारा दिए गए संदेश को फादर द्वारा सुनाया जाता है। ईसाई धर्म के पवित्र ग्रंथ बाइबिल में प्रभु यीशु के जीवन का संपूर्ण वृतांत है। ईसा मसीह ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई के लिए न्यौछावर कर दिया। लोगों को सत्य की राह पर चलने की सीख दी। लोगों की भलाई के लिए ही वे स्वयं सूली पर चढ़ गए। प्रभु यीशु के कई अनमोल वचन आज भी प्रासंगिक हैं।



### रविवार सुबह कब्रिस्तान जाने की परंपरा

ईस्टर की सुबह रविवार को अपने से बिछडे लोगों से मिलने मसीह समाज के लोग कब्रिस्तान भी जाते हैं। अपनों के कब्रों को एक दिन पहले साफ सफाई रंग रोगन करते हैं। सुबह कब्र को फूलो से सजाकर, कैंडल, अगरबत्ती जलाते हैं। उसके बाद प्रेयर कर घर लौटते हैं।



**पादरियों ने प्रभु यीशु के बलिदान और पुनरुत्थान की बताई महिमा :** इस अवसर पर भिलाई नगर क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 में प्रार्थना की अगवाई प्राइवेट सुनील जॉन ने की, मुख्य वक्ता जबलपुर से आए रेव. डॉ. नवीन राव थे। बैपटिस्ट चर्च सेक्टर 6 भिलाई में प्रार्थना की अगुवाई रेव. प्रभु मनोहर ने की। शहर के अन्य प्रमुख गिरजाघरों जिनमें हार्वेस्ट चर्च सेक्टर-6 में पास्टर दीपू जेना, मेनोनिट चर्च सेक्टर-9 में कानपुर से आए रेव. अजय पीटर और मेनोनिट चर्च दुर्ग में राजस्थान से आए रेव. चन्दर चंद्रा ने मृत्यु और पुनरजीवन के गहन आध्यात्मिक संदेश को लोगो के बीच साझा किया गया। पादरियों ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान और उनके पुनरुत्थान की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे यह घटना मानवता के लिए आशा, विश्वास और नए जीवन का प्रतीक है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रार्थना, भजन और उपदेश के माध्यम से आत्मिक शांति प्राप्त की तथा जीवन में प्रेम, क्षमा और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### सुबह कब्रिस्तान में हुई विशेष चर्चा

दुर्ग-भिलाई के चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जिसमें यह संदेश दिया गया कि ईस्टर हमें निराशा से आशा की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर और मृत्यु से जीवन की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। इसके पूर्व सुबह मसीही समुदाय के लोगों ने सुबह 5 बजे से नेहरू नगर ईसाई कब्रिस्तान पहुंचकर विशेष प्रार्थना अर्पित की। यह प्रार्थना प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान की स्मृति में की जाती है, जो मृत्यु पर जीवन की विजय का संदेश देती है। लोगों ने अपने प्रियजनों की कब्रों पर कैंडल जलाकर और पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और शांति, आशा व अनंत जीवन की कामना की।



### शहर भर के गिरजा घरों में मना पर्व

जिले में चार दर्जन से भी अधिक चर्च हैं। रेव्ह अर्पण तरुण ने बताया कि ईस्टर पर्व मसीह समाज के लोगों का विशेष दिन होता है। इस दिन चर्चो में बाइबिल के वचनों से समाज के लोगों के बीच प्रचार प्रसार किया जाता है। प्रभु यीशु के तीसरे दिन जी उठने की खुशी सभी चर्चो में हर्षोल्लाष के साथ मनाया जाता है। चर्चो में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत संगीत का भी आयोजन किया जाता है। कई चर्चो में मेला भी लगता है। मेले में मसीह समाह के लोग बाइबिल से लेकर प्रभू यीशु से जुडे सामानों की खरीदारी भी करते हैं। चर्चो में सेक्टर 6 सीसी चर्च, बैपतीस चर्च, हार्वेस्ट चर्च, मारथोमा, यहोन्ना भवन, चर्च ऑफ गॉड, करुणा चर्च, खुर्सीपार डीडीसी चर्च, मोनोनाइट चर्च दुर्ग, क्रिश्चयन चर्च दुर्ग, क्रिश्चयन चर्च कुम्हारी, ग्लोरी प्रार्थना भवन खुर्सीपार, मसीह मंदिर, एबेनेजर प्रर्थना भवन चरोदा, जोन 2 कामरेल चर्च आदि में पर्व मना।

## सिटी लाइव

# कोदूराम वर्मा स्मृति समारोह में छग के पुरोधाओं को किया याद



**भिलाई।** अगासदिया द्वारा कलाकार कोदूराम वर्मा स्मृति समारोह का आयोजन आमदीनगर हुडकों में हुआ। इस दौरान कलाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि हमारे पुरखों ने छग राज्य निर्माण में भाषा, संस्कृति लोकमंच के क्षेत्र से बड़ा योगदान दिया है। अगासदिया द्वारा ऐसे पुरोधा सदैव याद किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा आठवीं अनुसूची में सम्मिलित हो यह हमारा सपना और संकल्प है। छग भाषा को सम्मान मिलना ही छत्तीसगढ़ का सम्मान है। अध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि ऐसे बहुआयामी आयोजन से जुड़कर हम सब समृद्ध होते हैं। डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने कहा कि स्वाभिमान और पहचान के लिए हम सब मिलकर काम करते हैं। छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति स्वंयसिद्धा, आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी है। इस अवसर पर स्मिता वर्मा की चुनिंदा रंगोली कलाकृतियों का प्रदर्शन भी किया गया। अतिथियों ने विभिन्न पर्वों, व्यक्तित्वों पर केनद्रित रंगोली कला को सराहा। कलाकार महेश वर्मा ने कोदूराम वर्मा के मंचीय योगदान पर वक्तव्य देते हुए उन्हें कलाऋषि के रूप मे याद किया। अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ के मंचीय पुरोधा और सूत्रधार दुलारसिंह साव मंदराजी, रामचंद्र देशमुख, महासिंह चंद्राकर सहित कोदूराम वर्मा सभी समृद्ध बड़े भूपति थे। इन्होंने लोककला एवं मंच को समृद्ध करने के लिए पैतृक सम्पत्ति को लगाया। आयोजन में राजेश्वर बन्धु खरे, डॉ. सुखदेवे, पद्मश्री उषा बारले, राम सेवक वर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया। कोदूराम वर्मा के पुत्र प्रेमलाल वर्मा सपरिवार आयोजन में उपस्थित थे। वरिष्ठ नागरिक संध आमदी नगर के अध्यक्ष अरूण अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में रामसेवक वर्मा, विनायक अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, अब्दुलकलाम, नीतिश कुमार, खड़ानंद वर्मा, प्रहलाद वर्मा, उषा वर्मा, मधु वर्मा, प्रेमलाल बबला सहित संस्कृति साहित्य एवं लोकमंच से जुड़े व्यक्तिव उपस्थित थे।



## आयोजन...

# भक्ति भजनों में नाचते-झूमते निकाली शोभायात्रा, हुए धार्मिक अनुष्ठान



**भिलाई।** श्री शिवशंकर सेवा मंच जामुल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। डीजे में बज रहे हनुमान के भजनों के बीच युवक और आमजन मगन होकर नाचते-झूमते रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना पश्चात हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ से हुई। भोग भंडारा महाप्रसाद वितरण किया गया साथ ही वार्डो के प्रमुख मंदिरो मे पहुंच कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजक शिवशंकर सेवा मंच द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठान किए गए। मंच के संयोजक युवराज वैष्णव ने बताया कि लगातार हर वर्ष शिवशंकर सेवा मंच के माध्यम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है उसी कड़ी मे इस बार आयोजन मे पूजा अर्चना हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांड पाठ के बाद भोग भंडारा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से इस बार आयोजन के साथ साथ सभी वार्डों के प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर हनुमान की पूजा अर्चना एवं आरती के बाद वार्डवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। शिवशंकर सेवा मंच के सदस्यों ने हनुमान भक्ति की भावना दिखाते हुए विभिन्न वार्डो मे पहुंच कर पूजा अर्चना से पूरे जामुल नगर को हनुमानमय कर दिया था। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सयोजक युवराज वैष्णव, मीनू ताम्रकार, रामप्यारी वर्मा, सुनीता चेन्नवार, सरोजनी, चंद्राकर, लेखराम साहू, शीतल वर्मा, विनय साहू, अभिषेक शर्मा, धंनजय दुबे, रामावतार साहू, धनेश जंघेल, नरेश यादव, सनत ठाकुर, महेश यादव, शाहिल ठाकुर, दीपक साहू, दीना साहू, शेखर साहू, राजा, हिमांचल, विजय बारले, खिल्लू साहू आदि उपस्थित रहे।

## धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

# सुंदरकांड पाठ से भक्तिमय हुआ माहौल सदाचार को अपनाने दिया गया संदेश



**हनुमान जयंती पर संकीर्तन का आयोजन**

**दुर्ग।** हनुमान जयंती के अवसर पर राजीव भवन दुर्ग में सुंदरकांड पाठ, भजन-कीर्तन एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग शहर द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में विद्वान पंडितों एवं भजन मंडलियों द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड पाठ किया गया। पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ भक्ति रस में डूबे नजर आए। भगवान श्रीराम, माता सीता एवं संकटमोचन हनुमान जी की आराधना के बीच संकीर्तन में प्रस्तुत भजनों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, सेवा, समर्पण और धर्म के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने संत संग, कथा श्रवण, गुरु सेवा, प्रभु गुणगान, मंत्र जाप, सदाचार को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू , मुकेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, मनीष बंछोर, क्षितिज चंद्राकर , संजय कोहले, दीपक दुबे, देवेंद्र देशमुख उपस्थित थे ।

## लाइव इवेंट

# आशाराम बापू के अवतरण दिवस पर निकाली प्रभात फेरी



**भिलाई।** आशारामजी बापू के अवतरण दिवस पर रविवार को सुबह प्रभात फेरी निकाल कर हरिनाम संकीर्तन किया गया। संत आशाराम बापू आश्रम नंदिनी एवं बेलौदी दुर्ग के द्वारा संत आशाराम के अवतरण दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी का आयोजन अहिवारा नगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात भगवे रंग के झंडे के साथ अहिवारा बस स्टैंड से आरंभ हुई, साथ ही ऋषि प्रसाद पत्रिका का भी वितरण किया गया और आने वाला 8 अप्रैल को नंदिनी एवं बेलौदी आश्रम दुर्ग में साधक भक्तों के द्वारा बापू का अवतरण दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से विशाल भण्डारा के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में युवा सेवा संघ, बालसंस्कार केंद्र, महिला उत्थान मंडल एवं योग वेदांत सेवा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कार्नर न्यूज

चतुर्भुज बनने का आह्वान, आचार्य डॉ. आर्य ने युवाओं में भरा जोश

# धर्म रक्षा का शंखनाद, युवाओं को शक्ति-भक्ति के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



**भिलाई।** आर्य समाज के तत्वावधान में आर्य समाज स्थापना के 150वें वर्ष के अवसर पर आयोजित जन-जागृति अभियान, 151 कुंडीय राष्ट्र रक्षा महायज्ञ और विराट आर्य महासम्मेलन के अंतर्गत धर्म रक्षा सम्मेलन का आयोजन दुर्ग में किया गया। इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए युवा वैदिक विद्वान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि वर्तमान समय में देश और धर्म की रक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति को चतुर्भुज बनना होगा। यानी अब केवल दो भुजाओं से कार्य नहीं चलेगा, बल्कि दुगुनी ऊर्जा, दुगुना परिश्रम और पूर्ण समर्पण के साथ आगे आना होगा। धर्मांतरण को देश की एकता और अखंडता के लिए घातक बताते हुए उन्होंने समाज को सजग रहने का आह्वान किया।




### देश और धर्म की शान के लिए सदैव रहे तत्पर

युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ आर्य ने कहा कि आज का युवा सिक्स पैक के आकर्षण में उलझ रहा है, जबकि उसका वास्तविक आदर्श पराक्रमी चरित्र हनुमान, भीम और बजरंगबली होने चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शक्ति, भक्ति और समर्पण के मार्ग पर चलते हुए देश और धर्म की आन-बान-शान के लिए सदैव तत्पर रहें। डॉ आर्य ने कहा कि भारत ऋषियों का देश है, जिसने संपूर्ण विश्व को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया है, किंतु इसके साथ ही आत्मबल, संगठन और जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि सच्चा नशा शक्ति, भक्ति और राष्ट्रसेवा का होना चाहिए। इस अवसर पर वानप्रस्थी सुरेश मुनि, सचेतन मुनि, आचार्य भगवन देव, चैतन्य मुनि, धनुर्धर महापात्र, शिव प्रसाद पात्र, रमेश भोई, बैसाखू सेठ, आचार्य कृष्णदेव शास्त्री, आचार्य बृहस्पति शास्त्री, आचार्य पूर्णानंद शास्त्री,सोमदत्त शास्त्री, प्रेम प्रकाश शास्त्री, आरुणि कुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सेहत

## क्या आप भी 10 सीढ़ियां चढ़कर हांफने लगती हैं, तो अपनाएं ये उपाय




सीढ़ियां चढ़ते समय सांस फूलती है? इसके पीछे छिपे कारण और आसान, असरदार उपाय जानें। फेमस फिटनेस ट्रेनर और न्यूट्रिशनिस्ट सोनिया बख्शी बता रही हैं कि कैसे सही ट्रेनिंग और रोजमर्रा की अच्छी आदतों से स्टैमिना बढ़ाकर दिल और फेफड़ों की सेहत को अच्छा बनाया जा सकता है।

सीढ़ियां चढ़ना न सिर्फ एक अच्छी एक्सरसाइज है, बल्कि यह हमारे दिल और फेफड़ों के स्वास्थ्य का आईना भी है। अक्सर कई लोग थोड़ी सी सीढ़ियां चढ़ते ही बेहाल हो जाते हैं। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो घबराएं नहीं। इन्दिरापुरम (गाजियाबाद) की फेमस फिटनेस ट्रेनर और न्यूट्रिशनिस्ट सोनिया बख्शी इस विषय पर विस्तार से बता रही हैं। वह 2002 से 'डीटीएफ' के माध्यम से लोगों को फिट बना रही हैं। एक्सपर्ट के अनुसार, आपकी फिटनेस और स्टैमिना को सही ट्रेनिंग और आदतों से बदला जा सकता है। आइए सीढ़ियां चढ़ते समय सांस फूलने के कारण और उपायों के बारे में जानते हैं।

### सीढ़ियां चढ़ते समय सांस क्यों फूलती है?

सीढ़ियां चढ़ना एक फिजिकल एक्टिविटी



है, जिसमें शरीर के कई हिस्से एक साथ काम करते हैं। इसके मुख्य कारण निम्नलिखित हैं-

सीढ़ियां चढ़ने में बैठने की तुलना में 9 गुना ज्यादा ऊर्जा खर्च होती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस दौरान आपके दिल और फेफड़ों को शरीर के वजन को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इस क्रिया में आपके पैर की बड़ी मसल्स का एक्टिव रूप से इस्तेमाल होता है, जिसके लिए ऑक्सीजन की मांग बढ़ जाती है। अगर आप रेगुलर एक्सरसाइज नहीं करते हैं, तो स्टैमिना की कमी के कारण मामूली फिजिकल एक्टिविटी करने से भी सांस फूलने लगती है। दिल के रोगों, फेफड़ों की समस्या, हाई ब्लड प्रेशर या वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी इसके प्रमुख कारण हो सकते हैं। नाक या मुंह में किसी प्रकार की रुकावट या बहुत सारी सीढ़ियां चढ़ने का तनाव भी सांस फूलने की प्रोसेस को तेज कर देता है। कई बार बहुत सारी सीढ़ियां चढ़ने का तनाव या चिंता भी सांस फूलने का कारण बनती है। सीढ़ियों पर चढ़ना आसान बनाने के लिए फिटनेस एक्सपर्ट शरीर के निचले हिस्से



को मजबूत करने और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने की सलाह देती हैं।

### निचले शरीर की मजबूती

वॉकिंग से शुरुआत- पहले दो हफ्तों तक नॉर्मल वॉक से शरीर को तैयार करें। इंटरवल ट्रेनिंग- तीसरे हफ्ते से 1 मिनट चलें और फिर 10 सेकंड जॉगिंग करें। इसे अगले दो हफ्तों तक दोहराएं। धीरे-धीरे जॉगिंग का समय बढ़ाकर 20 सेकंड तक ले जाएं। स्क्वाट्स - रोजाना 20 स्क्वाट्स से शुरुआत करें और इसे धीरे-धीरे दो महीनों में 20-20 के तीन सेट तक ले जाएं। सूमो स्क्वाट्स- पैर की मसल्स को मजबूती देने के लिए इन्हें भी अपने वर्कआउट में शामिल करें।

### कार्डियो और एरोबिक क्षमता

फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने के लिए एरोबिक एक्सरसाइज बेहद असरदार होती हैं। ब्रिस्क वॉकिंग और साइकिल चलाना। स्विमिंग या हाइकिंग जैसे कार्डियो एक्सरसाइज। जुंबा या एरोबिक्स क्लासेस। जिम में ट्रेडमिल या क्रॉस ट्रेनर का इस्तेमाल। आपके पैर की मसल्स जितनी मजबूत होंगी, आपका कार्डियोवैस्कुलर स्टैमिना उतना ही बेहतर होगा और सीढ़ियां चढ़ना उतना ही आसान हो जाएगा।

### डॉक्टर से सलाह कब लें?

सीढ़ियां चढ़ते समय थोड़ी सांस फूलना नॉर्मल है, लेकिन यह कुछ कंडीशन में चेतावनी का संकेत होती हैं। यदि आप पूरी तरह से हांफने लगते हैं और सांस नॉर्मल होने में बहुत समय लगता है, तो इसे नजरअंदाज न करें।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े चिंताजनक

# भारत में हर 20 में से एक व्यक्ति में बढ़ रही डिप्रेशन की शिकायत, हर वर्ग के लिए बन रहा खतरा

साल 2025 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 30.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ी हैं। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिला हों या पुरुष सभी इसका शिकार देखे जा रहे हैं। काम के दवाब और पारिवारिक-सामाजिक कारणों के चलते स्ट्रेस-एंग्जाइटी की दिक्कत होना काफी आम है, गंभीर स्थितियों में ये डिप्रेशन (अवसाद) का भी कारण बन सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डिप्रेशन मानसिक बीमारी की गंभीर समस्या है जो आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। इसमें लगातार उदासी की भावना बनी रहती है और आप उन गतिविधियों में रुचि खो सकते हैं जिन्हें आप पहले पसंद किया करते थे। डिप्रेशन मेंटल हेल्थ की समस्या तो है ही पर इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर रूप से हो सकता है।

साल 2025 के डेटा से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर लगभग 30.4 करोड़ लोगों को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण के डेटा से पता चला है कि भारत में लगभग 20 में



से एक भारतीय अवसाद से पीड़ित हो सकता है। कोविड महामारी के बाद से डिप्रेशन के मामलों में बढ़ोतरी हुई है।

### महिलाओं में डिप्रेशन होने का खतरा अधिक

मेंटल हेल्थ की समस्याएं किसी को भी हो सकती हैं, हालांकि बड़ा सवाल ये है कि डिप्रेशन महिलाओं को ज्यादा होता है या फिर पुरुषों को?



इसे समझने के लिए लंदन में विशेषज्ञों की एक टीम ने विस्तृत अध्ययन किया। इसके निष्कर्ष बताते हैं कि लड़कियों में डिप्रेशन के मामले लड़कों की तुलना में दोगुना अधिक होते हैं। साल 2024 में इसी से संबंधित एक अन्य रिपोर्ट में सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बताया कि अनुमानित 53% किशोर लड़कियों ने उदासी या निराशा जैसे डिप्रेशन के लक्षणों की शिकायत की, जबकि ऐसी शिकायत वाले लड़कों का आंकड़ा केवल 28% था।

### अध्ययन में क्या पता चला?

शोध की रिपोर्ट ये भी बताते हैं कि लड़कियों में आत्महत्या के विचार आने आशंका भी अधिक थी। पर लड़कियों-महिलाओं में डिप्रेशन का जोखिम अधिक क्यों होता है, किंग्स कॉलेज लंदन के विशेषज्ञों ने इसे भी समझने की कोशिश की।

इस अध्ययन में 15 वर्ष की आयु के 75 लड़कियां और 75 लड़कों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लड़कियों में न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स का स्तर कम था उनमें डिप्रेशन होने का खतरा भी अधिक देखा गया, वहीं जिनमें इसका स्तर सामान्य था उनका मेंटल हेल्थ ज्यादा बेहतर देखा गया। हालांकि जब लड़कों में इसका आकलन किया गया तो उनमें ये अंतर नहीं दिखा।

न्यूरोप्रोटेक्टिव कंपाउंड्स ऐसे पदार्थ हैं जो न्यूरॉन्स को विभिन्न कारणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ये मस्तिष्क को कोशिकाओं की भी रक्षा करते हैं, इस तरह से ये



अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों के खतरे को भी कम कर सकते हैं।

किंग्स कॉलेज लंदन में शोधकर्ता डॉ नागमेह निक्खेस्लात कहते हैं ब्रेन में सूजन को कम करने या न्यूरोप्रोटेक्टिव के उत्पादन को बढ़ावा देकर हम डिप्रेशन होने या इसके गंभीर रूप लेने के खतरों को कम कर सकते हैं। जिन लोगों के ब्रेन में न्यूरोटॉक्सिक एक्टिविटी अधिक होती है उनके लिए डिप्रेशन पर काबू पाना या इससे बाहर निकल पाना काफी कठिन हो सकता है। एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं से इसमें लाभ पाया जाता है।

### ये स्थितियां भी बढ़ा सकती हैं डिप्रेशन का खतरा

महिलाओं में डिप्रेशन बढ़ने के लिए आनुवंशिकता के साथ पर्यावरणीय और मनोवैज्ञानिक कारक भी जिम्मेदार सकते हैं। इसके अलावा हार्मोनल उतार-चढ़ाव, तनावपूर्ण जीवन की घटनाएं और कई सामाजिक स्थितियां भी डिप्रेशन के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती हैं।



## आपकी रोज की ऐसी आदतें रिश्तों में ला सकती है मजबूती

रिश्तों की पहेली सुलझाना सभी के लिए चुनौती होती है। कई बार बहुत सी कोशिशों के बाद भी रिश्तों में तनाव दिखने लगता है। पार्टनर्स के बीच एक-दूसरे को लेकर शिकायतें घर करने लगती हैं। अगर समय पर न संभाला जाए तो कुछ गलतफहमियां आगे चलकर रिश्ता टूटने का कारण भी बन जाती हैं। ऐसे में, अक्सर मन में यह सवाल उठता है कि आखिर हम ऐसा क्या करें कि हमारा पार्टनर खुश रहे और हमारा रिश्ता भी मजबूत बना रहे। इसके लिए, आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से हमने बातचीत की। उन्होंने बताया कि रिश्तों को मजबूत करना बहुत ही आसान होता है। तो चलिए आगे उनके बताए गए टिप्स को जान लेते हैं।

### धारणा बनाने की जगह खुलकर करें बात

रिश्तों में खटास की शुरुआत तब होती है, जब हम किसी भी बात या घटना के बारे में अपने मन से ही कोई धारणा बनाकर



निष्कर्ष निकाल लेते हैं। कभी भी और किसी भी स्थिति में यदि पार्टनर को लेकर कोई बात पता चले, तो अपने मन से निष्कर्ष न निकालें। हमेशा पार्टनर से उस बारे में साफ मन से बात करें। बात करते समय सामने वाले का पक्ष पूरी तरह सुनें। अपनी धारणा न थोपें। खुलकर बात करने से बहुत सी गलतफहमियां दूर होती हैं और रिश्ता मजबूत रहता है।

### समय देना जरूरी

अगर आपसे सवाल किया जाए कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में सबसे ज्यादा कीमती क्या है, तो आपका जवाब होगा – समय। इसी के साथ हमें रिश्ते की कीमत भी समझनी चाहिए। कीमती रिश्ते को संभालने के लिए अपने कीमती समय का कुछ हिस्सा हमेशा एक-दूसरे के साथ खर्च करें। हर रोज किसी न किसी बहाने से अपने पार्टनर के लिए थोड़ा समय अवश्य निकालें। और हां, अगर कभी काम की उलझन में पार्टनर आपको समय न दे पाए, तो उसकी शिकायत करने के बजाय परिस्थिति को समझें और साथ दें।

### गुस्से पर नियंत्रण रखें

हमने यह डायलॉग बहुत बार सुना है कि गुस्सा उसी पर आता है, जिससे प्यार होता है। हालांकि, आपको इस डायलॉग को जीवन का हिस्सा बनाने से बचने की जरूरत है। असल में, गुस्सा केवल और केवल रिश्तों को खराब करता है। किसी भी बात पर गुस्से के साथ प्रतिक्रिया न दें। अगर आपको कुछ सही न भी लगे, तो नम्र तरीके से अपनी आपत्ति जताएं। इससे आपसी सम्मान की भावना बढ़ती है और संबंध मजबूत होता है।

### विश्वास है रिश्ते की नींव

कोई भी रिश्ता विश्वास पर टिका होता है। विश्वास ही संबंधों की नींव है। ज्यादातर रिश्तों के टूटने में अविश्वास और संदेह की बड़ी भूमिका होती है। अगर किसी बात के कारण मन में संदेह उत्पन्न हो तो उस पर खुलकर चर्चा करें और संदेह दूर करें। अपने संदेह को अविश्वास का कारण मत बनने दें।



## घर का मुख्य द्वार बनाने से पहले इन बातों का रखें खास ध्यान, सुख-समृद्धि खुद देगी दस्तक

अगर आप भी नए घर का निर्माण करवा रहे हैं और चाहते हैं कि आपके घर का द्वार सिर्फ एक दरवाजा नहीं, बल्कि सौभाग्य का प्रवेश द्वार बने, तो इन वास्तु नियमों को जरूर अपनाएं। आइए जानते हैं।

### दिशा का खास रखें ध्यान

घर का मुख्य द्वार कई ऊर्जाओं को घर में प्रवेश करने में सहायक होता है। ऐसे में अगर आप पूर्वमुखी है तो घर का प्रवेश द्वार उत्तर-पूर्व दिशा की ओर होना चाहिए। ताकि मुख्य द्वार से सुबह की धूप सीधे आपके घर में प्रवेश करे। दक्षिण-पश्चिम या पश्चिम दिश में मुख्य द्वार होने से बाधाएं आ सकती हैं, इसलिए इन्हें टालना चाहिए। सही दिशा से सकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवाहित होती है, जबकि गलत दिशा से समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### द्वार का सही आकार

मुख्य द्वार का सही आकार और डिजाइन सकारात्मक ऊर्जा के संचार के लिए काफी जरूरी होता है। इसलिए आप भी दरवाजा बनवाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि दो पल्लों वाला द्वार शुभ माना जाता है, क्योंकि यह ऊर्जा के प्रवाह को बनाए रखता है। द्वार न तो बहुत बड़ा हो और न ही बहुत छोटा। बहुत छोटा द्वार सकारात्मक ऊर्जा को रोक सकता है, जबकि बहुत बड़ा द्वार असंतुलन पैदा कर सकता है।

### स्वच्छता और सुंदरता

घर का मुख्य द्वार साफ और सजा हुआ होना चाहिए। ऐसा करने से यह घर में सुख-समृद्धि को आमंत्रित करता है, जबकि गंदा या अव्यवस्थित द्वार नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है। ऐसे में आप



मुख्य द्वार और उसके आसपास हमेशा साफ-सफाई बनाए रखें। रंगोली, तोरण (आम या अशोक के पत्तों की माला) और सजावट से द्वार को आकर्षक बनाएं। इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

### कौन-सा रंग चुने?

मुख्य द्वार का रंग घर की ऊर्जा पर गहरा प्रभाव डालता है। सही रंग घर में सुख-समृद्धि को आकर्षित कर सकते हैं। इसलिए आप क्रीम, हल्का पीला, हल्का नीला, हरा या सफेद जैसे हल्के रंग चुन सकते हैं। काले रंग से बचें, क्योंकि यह नकारात्मकता को आमंत्रित कर सकता है।

## रात के खाने में कुछ हल्का बनाना है तो झटपट तैयार करें वेजिटेबल दलिया



वेजिटेबल दलिया एक हेल्दी, हल्का और स्वादिष्ट डिश है, जो पचाने में आसान और पोषण से भरपूर होती है। इसे नाश्ते या रात के हल्के खाने के रूप में बनाया जा सकता है।

दलिया बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में 1 चम्मच घी डालें और उसमें दलिया डालकर हल्का सुनहरा होने तक भून लें। इससे दलिया ज्यादा स्वादिष्ट और खुशबूदार बनेगा। जब ये अच्छी तरह से भुन जाए तो इसे भूनने के बाद एक प्लेट में निकालकर अलग रख दें।

अब बारी आती है तड़का लगाने की। तड़का लगाने के लिए उसी कड़ाही में थोड़ा और घी डालें, फिर जीरा डालें और हल्का भूनें। इसके बाद अब इसमें कटा हुआ प्याज डालकर हल्का गुलाबी होने तक भूनें।

टमाटर, गाजर, मटर, शिमला मिर्च डालें और 2-3 मिनट तक चलाएं। हल्दी, नमक, लाल मिर्च पाउडर डालकर मिलाएं। अब भुना हुआ दलिया डालें और तीन कप पानी डालकर अच्छे से मिलाएं।

अब इसे ढककर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकने दें, जब तक दलिया नर्म और पानी पूरी तरह से सूख न जाए। बीच-बीच में चम्मच से चलाते रहें ताकि दलिया तले में न चिपके। गैस बंद करें और हरी धनिया पत्ती से गार्निश करें। इसे गर्मागर्म परोसें और दही या अचार के साथ आनंद लें।



कार्नर न्यूज

आपका हृदय स्वस्थ है या नहीं, कहीं कोई दिक्कत तो नहीं आपको जानना जरूरी

# अपने दिल को रखिए हमेशा संभाल कर सेहत परखते रहिए कुछ आसान तरीकों से

हृदय रोग और इससे संबंधित बीमारियां, दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। भारत में भी इसका खतरा पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र के लोगों में हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है, कोरोना महामारी के बाद से इसका जोखिम और भी अधिक हो गया है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए सभी लोगों को निरंतर ध्यान देते रहने की जरूरत है। डॉक्टर कहते हैं, हर उम्र के व्यक्ति में हृदय से संबंधित समस्याएं देखी जा रही हैं। ऐसे में सवाल ये है कि कैसे पता किया जा सकता है कि आपको हृदय की कोई समस्या तो नहीं है? या फिर आपमें हार्ट की समस्याओं का कोई जोखिम तो नहीं है? डॉक्टर्स इसके लिए कुछ उपाय बताते हैं जिसपर ध्यान देकर आप भी हार्ट की हेल्थ का अंदाजा आसानी से लगा सकते हैं।

### युवाओं में हार्ट की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं पिछले दिनों कई ऐसे मामले देखे गए हैं जिसमें पहले से बिना किसी हार्ट की शिकायत वाले लोगों के ईसीजी, ईसीएचओ और



टीएमटी परीक्षण में दिक्कत देखी जा रही है। कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि युवाओं में धूम्रपान और शारीरिक निष्क्रियता के मामले बढ़ गए हैं जिसके कारण भी हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। सभी उम्र के लोगों के लिए जरूरी है कि आप निरंतर हृदय की जांच करते रहें, जिन लोगों में हृदय रोगों का आनुवांशिक जोखिम रहा है उन्हें और भी सतर्कता बरतते रहना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि ये कैसे पता किया जा सकता है कि आपका हृदय स्वस्थ है या नहीं?

### ब्लड प्रेशर की रीडिंग पर रखें नजर

हृदय की सेहत को जांचने के लिए सबसे जरूरी पैरामीटर है ब्लड प्रेशर पर ध्यान रखना। अगर आपका ब्लड प्रेशर अक्सर कम या ज्यादा रहता है तो इसे हार्ट की समस्याओं का संकेत माना जाता है। रक्तचाप की सामान्य सीमा 120/80 की मानी जाती है। अगर आपका ब्लड प्रेशर इससे अधिक बना रहता है तो आपको सावधान हो जाने की जरूरत है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। वहीं अगर ये नार्मल है तो ये संकेत है कि आपका हार्ट ठीक तरीके से काम कर रहा है।



### हृदय गति का सामान्य रहना जरूरी

ब्लड प्रेशर की ही तरह हार्ट रेट का सामान्य रहना भी स्वस्थ हृदय के लिए जरूरी है। आमतौर पर हृदय गति का 60 से 100 बीट प्रति मिनट के बीच रहना स्वस्थ माना जाता है। ये अगर अक्सर कम या ज्यादा बना रहता है तो संकेत हो सकता है कि हार्ट की सेहत में सबकुछ ठीक नहीं है। नियमित रूप से हृदय की जांच के दौरान हार्ट रेट पर भी डॉक्टर नजर रखते हैं।

### कहीं ज्यादा तो नहीं है वजन?

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें हृदय रोग-डायबिटीज सहित कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा अधिक होता है। जिन लोगों का बॉडी मास इंडेक्स 25 से अधिक होता है उनमें हृदय रोगों का जोखिम अधिक होने का खतरा हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं बीमारियों से बचे रहने के लिए वजन को कंट्रोल में रखना जरूरी है।

अगर आपका ब्लड प्रेशर, हार्ट रेट और बॉडी मास इंडेक्स ठीक है तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट ठीक है और इसे बेहतर बनाए रखने लिए लाइफस्टाइल-आहार का ध्यान रखकर लाभ पाया जा सकता है।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'मार्वल' की 'द पनिशर वन लास्ट किल' आएगी मई में, फ्रैंक की होगी वापसी



मार्वल टेलीविजन की खास पेशकश 'द पनिशरः वन लास्ट किल' की हाल ही में रिलीज डेट की घोषणा की गई है। इस सीरीज में फ्रैंक कैसल अपनी भूमिका में वापसी करेंगे। मार्वल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आगामी सीरीज 'द पनिशर वन लास्ट किल' का एक पोस्टर शेयर किया। जिसके साथ उन्होंने कैप्शन में इसकी रिलीज डेट की घोषणा करते हुए लिखा कि इस सीरीज में फ्रैंक कैसल की वापसी होगी। इसके साथ ही उन्होंने लिखा की मार्वल टेलीविजन स्पेशल प्रेजेंटेशन 'द पनिशरः वन लास्ट किल' 2 मई को केवल डिज्नी प्लस पर स्ट्रीम होगी। जॉन बर्न्थल एक बार फिर फ्रैंक कैसल यानी 'द पनिशर' के रोल में वापस आ रहे हैं। पिछले साल डिज्नी प्लस की सीरीज 'डेयरडेविलः बॉर्न अगेन' में उन्होंने इस किरदार को दोहराया था। अब वह 'द पनिशरः वन लास्ट किल' में मुख्य भूमिका निभाएंगे। बर्न्थल इस स्पेशल प्रेजेंटेशन के सह-लेखक भी हैं।

'द पनिशर' मूल रूप से मार्वल कॉमिक्स के किरदार फ्रैंक कैसल पर आधारित है, जो अपने परिवार की हत्या का बदला लेने के लिए अपराधियों के खिलाफ बहुत खतरनाक तरीके से लड़ता है। अब फ्रैंक कैसल की कहानी को एक नई स्पेशल सीरीज के रूप में जारी किया जा रहा है, जिसका नाम है 'द पनिशरः वन लास्ट किल'। नेटफ्लिक्स ने 2019 में इसे बंद कर दिया था। बाद में डिज्नी ने अधिकार वापस ले लिए और 2022 से यह सीरीज डिज्नी प्लस पर उपलब्ध है। फ्रैंक कैसल एक पूर्व मरीन सैनिक हैं। अपने परिवार की हत्या के बाद वे 'द पनिशर' बन जाता है और अपराधियों को सजा देते हैं।

## टॉलीवुड

### राजामौली की 'वाराणसी' दो भागों में हो सकती है रिलीज, जानिए पूरा सच



'धुरंधर' और 'धुरंधर द रिवेंज' की बड़ी सफलता के बाद अब फिल्म निर्माता एस एस राजामौली अपनी नई फिल्म 'वाराणसी' को दो भागों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद अब फैंस फिल्म 'रामायण' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के अलावा एक और फिल्म है, जिसकी रिलीज पर फैंस की निगाहें टिकी हुई हैं। वह फिल्म राजामौली की 'वाराणसी' है। जानिए क्या 'धुरंधर' और 'रामायण' की तरह ही 'वाराणसी' भी दो भागों में बनेगी?

पहले राजामौली ने 'वाराणसी' को दो भागों में बनाने की खबरों को साफ तौर पर खारिज कर दिया था। लेकिन अब बॉलीवुड हंगामा की एक खबर के अनुसार, फिल्म 'वाराणसी' दो भागों में रिलीज हो सकती है। दरअसल, फिल्म की कहानी इतनी लंबी है कि तीन घंटे से ज्यादा समय में भी पूरी नहीं हो पाएगी। इसलिए इसे दो भागों में बनाने का विचार किया जा रहा है। 'धुरंधर' की तरह 'वाराणसी' भी दो भागों में रिलीज होगी।

फिल्म 'वाराणसी' में महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म समय यात्रा पर आधारित है। इसका बजट 1300 करोड़ रुपये से भी ज्यादा बताया जा रहा है। यह भारत की सबसे महंगी फिल्मों में से एक होगी। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलज होगी। 'धुरंधर 2' अब तक बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा कमा चुकी है। वहीं राजामौली की आगामी 'रामायण' फिल्म का पहला भाग दिवाली 2026 में और दूसरा भाग दिवाली 2027 में रिलीज होने वाला है। वहीं अब 'वाराणसी' आखिरकार दो भागों में रिलीज होगी या नहीं, इसकी कोई आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की गई है।

## भोजपुरी

### शो में डांसर को भीड़ में फेंकने पर ट्रोल हुए धनंजय, बवाल के बाद दी सफाई



बिहार के मुजफ्फरपुर में एक स्टेज शो के दौरान भोजपुरी सिंगर धनंजय शर्मा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में वो एक महिला डांसर को उठाकर भीड़ की तरफ फेंकते नजर आ रहे हैं, जिसके बाद इंटरनेट पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। सिंगर ने अपनी सफाई भी दी है, जिसमें उन्होंने खुद के साथ बदसलूकी होने का आरोप भी लगाया है। भोजपुरी इंडस्ट्री किसी न किसी तरह से लोगों के बीच चर्चा में बनी रहती है, लेकिन अक्सर चर्चा कॉन्ट्रोवर्शियल ही होती है। ऐसी ही एक चर्चा हाल ही में शुरू हुई, जिसमें एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक लाइव स्टेज शो के दौरान हुई घटना ने लोगों को हैरान कर दिया और अब इस पर लगातार बहस छिड़ी हुई है। मामला भोजपुरी सिंगर धनंजय शर्मा से जुड़ा है, जिनकी एक हरकत को लेकर इंटरनेट पर लोग काफी नाराज नजर आ रहे हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक शादी समारोह के दौरान स्टेज शो ऑर्गेनाइज किया गया था, जिसमें धनंजय शर्मा अपनी टीम के साथ परफॉर्म कर रहे थे। इवेंट के दौरान गाने और डांस का माहौल बना हुआ था जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग गौजूद थे। इसी दौरान स्टेज पर कई महिला डांसर गाने पर डांस कर रही थी। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि सिंगर अचानक डांसर के पास पहुंचते हैं और उसे उठाकर सीधे स्टेज से नीचे मौजूद भीड़ की तरफ फेंक देते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### फ़ास्ट फ़ैशन का असर



एक स्टडी से पता चला है कि सिर्फ़ यूनाइटेड किंगडम में ही, लोगों की अलमारियों में लगभग 30 बिलियन (43।5 बिलियन फ्रैंक) के ऐसे कपड़े करीने से टंगे हुए हैं जिन्हें उन्होंने कभी पहना ही नहीं। 'फ़ास्ट फ़ैशन' की इस हद से ज़्यादा खपत की वजह से, हर साल लगभग 140 मिलियन (मोटे तौर पर 200 मिलियन फ्रैंक) के कपड़े कूड़े के ढेर में फेंक दिए जाते हैं।

## रसोई की इन चीजों से हटाएं अपर लिप्स के बाल, पार्लर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

महिलाएं अपर लिप्स पर आए अनचाहे छोटे बालों से छुटकारा पाने के लिए पार्लर जाती हैं और हेयर रिमूवल क्रीम, थ्रेडिंग, ब्लीच, वैक्सिंग या अन्य कई तरीके अपनाती हैं। हालांकि यह स्थाई तरीका नहीं है, कुछ दिन बार फिर चेहरे पर बाल नजर आने लगते हैं। कई बार तो महिलाओं के कामकाज में व्यस्तता के कारण पार्लर जाने का समय नहीं मिल पाता। ऐसे में आप घर पर ही अपर लिप्स के बाल आसानी से हटा सकती हैं।

यहां अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू उपाय बताए जा रहे हैं। किचन में इस्तेमाल होने वाली चीजों से अपर लिप्स के बालों से छुटकारा पाया जा सकता है।

### आलू का रस

अनचाहे बालों से चेहरे की खूबसूरती को कम होने से बचाने के लिए ब्लीचिंग क्रीम के तौर पर आलू के रस का उपयोग करें। आलू को काटकर मिक्सी में पीस लें। इस पेस्ट को कपड़े में डालकर अच्छी तरह से निचोड़कर



रस निकाल लें। रात में सोने से पहले आलू का रस लगाएं और रात भर लगा रहने दें। सुबह चेहरा धो लें। इस प्रक्रिया को कम से कम तीन बार दोहराएं।

### आटा, हल्दी और दूध

अनचाहे बालों को हटाने के लिए एक बड़ा चम्मच गेहूं का आटा, एक चम्मच कच्चा दूध और चुटकी भर हल्दी को मिलाकर उबटन बना लें। इसे अपर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। बाद में पानी से धो लें। इस पैक को हफ्ते में तीन-चार तीन दोहराएं।

### दूध और हल्दी

दूध और हल्दी बहुत काम के होते हैं। एक चम्मच दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को अप्पर लिप्स पर लगाकर सूखने दें। फिर ठंडे पानी से धो लें। ऐसा हफ्ते में तीन बार करें। इससे अपर लिप्स पर बाल नहीं नजर आते हैं और त्वचा साफ व चमकदार दिखने लगती है।

### चीनी

अपर लिप्स के बालों को हटाने के लिए चीनी का उपयोग कर सकते हैं। पैन में एक बड़ा चम्मच चीनी और नींबू का रस मिलाकर गाढ़ी होने तक चलाएं। अब इसे अपर लिप्स पर लगा लें। ध्यान रखें कि यह बहुत अधिक गर्म न हो। 15 मिनट तक अपर लिप्स पर चीनी का पेस्ट सूखने दें, फिर पानी से धो लें।

## साड़ी को कीजिए कुछ ऐसे ढंग से स्टाइल, लोग करेंगे वाह-वाह



साड़ियां भारतीय परिधान में सर्वोपरि मानी जाती है। महिलाएं साड़ियों को अलग-अलग तरीके से पहनती हैं। इन दिनों त्यौहारों के साथ-साथ अलग-अलग अवसरों पर पार्टियों का भी है। ऐसे में आप चाहें तो साड़ियां पहनने कुछ सेलिब्रेटीज के अंदाज से भी सीख सकती हैं। आलिया भट्ट का साड़ी कलेक्शन बेहद खूबसूरत है। वैसे तो अभिनेत्री अधिकतर वेस्टर्न आउटफिट में नजर आती हैं लेकिन किसी इवेंट या फिल्म प्रमोशन के दौरान आलिया भट्ट की खूबसूरत साड़ियों का कलेक्शन देखने को मिलता है। आलिया की यह पीली साड़ी त्योहार के मौके पर काफी सुंदर लुक दे सकती है। नेट एम्ब्रायडरी वाली इस साड़ी से खुद को स्टाइल कर सकती हैं।





हल्की और सिंपल स्टाइल साड़ी में क्लासी लुक चाहिए तो पूजा हेगड़े की इस साड़ी से कुछ आइडिया ले सकते हैं। गर्मी का मौसम है, ऐसे में इस तरह के रंगों का चयन आंखों को सुकून देने वाला और सहज होगा। कलर के साथ ही साड़ी के प्रिंट का चयन भी अपने बॉडी शेप के मुताबिक करें।

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना के पास भी साड़ियों का शानदार कलेक्शन है। खास मौके पर उनकी ऑर्गेंजा साड़ी को अपना सकती हैं। वहीं इस तरह की प्रिंटेड साड़ी से भी पार्टी के मौके पर खुद को तैयार कर सकते हैं। शिल्पा शेट्टी की साड़ी कलेक्शन और डिजाइन दोनों ही काफी यूनिक होता है। उनकी साड़ियों को शादी पार्टी से लेकर ऑफिस आदि में भी पहन सकते हैं। शिल्पा की यह साड़ी शादियों और पार्टियों में आकर्षक लगेगी।

अगर आप भी साड़ी में स्टाइलिश और अट्रैक्टिव दिखना चाहती हैं, तो आइए जानें 5 आसान टिप्स, जो आपके लिए बेहद मददगार साबित हो सकते हैं।

## 15 मिनट में घर पर करें नेल आर्ट, हाथों के नाखून दिखेंगे सुंदर

हम सभी चाहते हैं हमारे हाथ और नाखून सुंदर नजर आएं। आप चाहें तो इन्हें घर पर भी कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि कई सारे डिजाइन होते हैं जो 15 मिनट में बन जाते हैं। जानते हैं किन डिजाइन को आप ट्राई कर सकती हैं।

### ग्लिटर नेल आर्ट

अगर आपको नए डिजाइन से नेल आर्ट करनी है तो इसके लिए आप ग्लिटर नेल आर्ट करा सकती हैं। यह 15 मिनट में जो जाती है। इसके लिए आपको एक टेप लेनी है। इसके बाद इसे अपने नाखूनों पर तिकोना करके लगानी है। फिर इसके एक तरह मैट कलर को इस्तेमाल करना है और दूसरी तरफ ग्लिटर कलर को लगाना है। इस तरीके से आपका नेल आर्ट हो जाएगा।

### सिंपल नेल आर्ट

अगर आप किसी पार्टी में जानें के लिए लेट हो रही हैं और नेल आर्ट कराने का समय नहीं मिला है तो ऐसे में आप घर पर इसे 15 मिनट में



कर सकतीहैं। इसके लिए आपको दो अलग-अलग कलर लेने हैं। इसके बाद 3 उंगली के नाखूनों पर एक कलर को लगाना है और 2 पर किसी और कलर को लगाना है। आप चाहें तो एक बीच में लाइन खींचकर साइड में दूसरे कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। साथ में एक पतली स्टिक की मदद से जिक जैक पैटर्न क्रिएट कर सकती हैं। इस तरीके से आप घर पर ही नेल आर्ट कर सकती हैं।

### फ्रेंच नेल आर्ट

नेल आर्ट में काफी सारे डिजाइन आपको स्टूडियो में देखने को मिल जाएंगे। लेकिन इन्हें कराने से पहले जब रेट पूछते हैं तो करने का मन नहीं करता है।

## खूब जचेंगे लाल-हरी चूड़ियों के ये नए सेट, देखें डिजाइंस

अपने हाथों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप लाल-हरे रंग की चूड़ियों को हथेली पर सजा सकती हैं। देखते हैं इनके कुछ नए और खूबसूरत डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन चूड़ियों के सेट बनाने के कुछ आसान टिप्स-

### गोल्डन और ग्रीन चूड़ी डिजाइन

गोल्डन के साथ वैसे तो कई अलग-अलग रंगों की चूड़ियों को पहना जा सकता है। नवरात्रि के लिए ग्रीन कलर लगभग सब तरह के कपड़ों के साथ खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। वहीं इनके साथ आप पतली वाली गोल्डन कलर की चूड़ियों को मिलाकर सेट बना सकती हैं। साथ ही, फैंसी लुक के लिए आप कंगन भी शामिल कर सकती हैं।

### लाल और पीली चूड़ी डिजाइन

लाल के साथ हरे रंग के आलावा पीला रंग भी काफी खूबसूरत कलर कंट्रास्ट बनाने में मदद करता है। इस तरह में आप चाहे तो हरे रंग को भी शामिल कर सकती हैं। इन तीनों रंगों को मिलाकर चूड़ी का सेट बना सकती हैं। साथ ही बीच में चौड़े साइज का कंगन भी आप पहन सकती हैं। इसमें आपको मिरर वर्क और स्टोन डिजाइन के अलावा ग्लिटर में भी चूड़ियों और कंगन के काफी



डिजाइंस मिल जाएंगे।

### मिरर वर्क चूड़ी डिजाइन सेट

मिरर वर्क को आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। फैंसी और हैवी डिजाइन की चूड़ियों को आप प्लेन कपड़ों के साथ में पहन सकती हैं। इसमें आप चाहे तो कपड़ों के कलर के हिसाब से अलग-अलग रंग भी चुन सकती हैं। इसके अलावा आप चाहे तो एक ही रंग की 24 चूड़ियों को एक हाथ की कलाई पर सजा सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक आपको मिलेगा ड्रेसिंग टिप्स अपनाने से**

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाएं जरूरी टिप्स, स्टाइलिश और मिनिमल लुक पाइए

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न।।यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा।।तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो खास टिप्स जान लीजिए-

### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी



जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज में सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस को पहचान लीजिए।



### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।



### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं। लेकिन ये टी शर्ट स्ट्रेट जींस के साथ भी बेहतरीन लगती हैं। लेकिन हां, इन टी शर्ट के साथ ब्लू जींस पहनकर आप ऊब चुके हैं तो आप ग्रे जींस भी चुन सकते हैं। ग्रे जींस के साथ हलके रंग की टी शर्ट ही नहीं डार्क कलर की टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। ग्राफिक का लुक आप खुद ही चुन सकते हैं। इस लुक पर फ्लोरोसेंट कलर वाली टीशर्ट भी अच्छी लगती हैं। इसलिए अगर अभी तक आप इन रंगों को पहनने से बचते थे तो अब ऐसा न कीजिए।